प्रयागराज, कानपुर रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश से प्रसारित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

उ0प्र0 सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in

फतेहपुर एवं लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

वर्ष : 14 अंक : 348 मंगलवार 09 दिसम्बर, 2025 डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## इंडिगो के खिलाफ जांच जारी, एयरलाइन पर करेंगे कड़ी कार्रवाई, राज्यसभा में बोले नागर विमानन मंत्री नायडू



नयी दिल्ली 08 दिसम्बर (एजेंसी)राज्यसभा में सोमवार को नागर विमानन मंत्री के. राममोहन नायडू ने कहा कि सरकार ने इंडिगो की बड़े पैमाने पर उड़ान रद्द किए जाने के संबंध में जांच शुरू कर दी है और एयरलाइन के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी ताकि अन्य एयरलाइनों के लिए उदाहरण पेश किया जा सके। उच्च सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न का जवाब देते हुए नायडू ने इंडिगो एयरलाइंस को उसके दिन–प्रतिदिन के संचालन के दौरान चालक दल और ड्यूटी रोस्टर को प्रबंधित करने में विफल करार दिया। उन्होंने कहा, "हम इस स्थिति को हल्के में नहीं ले रहे हैं। हम एक जांच कर रहे हैं। हम न केवल इस मामले में बल्कि एक मिसाल पेश करने के लिए भी बहुत, बहुत कड़ी कार्रवाई करेंगे।"

कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने पूरक प्रश्न पूछते हुए यह जानना चाहा कि क्या इंडिगो संकट ऑटोमैटिक मैसेज स्विचिंग सिस्टम (एएमएसएस) में गलती के कारण हुआ था? यह एक तकनीकी समस्या है जिसने नवंबर 2025 की शुरुआत में उड़ान सेवाओं को बाधित किया था।विमानन मंत्री ने स्पष्ट किया कि इंडिगो संकट एएमएसएस से संबंधित नहीं था बल्कि इंडिगो की आंतरिक क्रू रोस्टर प्रणाली में विसंगतियों और कुप्रबंधन के कारण हुआ था। अप्रैल 2025 के उच्च न्यायालय के आदेश के बाद तैयार किए गये नये उड़ान ड्यूटी समय पाबंदी (एफडीटीएल) दिशानिर्देश की विस्तार से जानकारी देते हुए नायडू ने कहा कि कुल 22 एफडीटीएल दिशानिर्देश थे, जिनमें से 15 को एक जुलाई 2025 से और शेष सात को एक नवंबर 2025 से लागू किया गया। नायडू के अनुसार, एफडीटीएल के कार्यान्वयन के संबंध में इंडिगो सहित कई हितधारकों से परामर्श किया गया था और सरकार ने यह बहुत स्पष्ट कर दिया था कि सभी एयरलाइनों को सुरक्षा से समझौता किए बिना नियमों का पालन करना होगा। उन्होंने कहा कि एक नवंबर 2025 को जब एफडीटीएल पूरी तरह से लागू हुआ, उसी समय नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) सभी एयरलाइनों के साथ निरंतर परामर्श करता रहा है, क्योंकि उन्होंने अपने संचालन में विविधताओं के कारण कुछ छूट का अनुरोध किया था। नायडू ने कहा, "व्यापक परामर्श और सुरक्षा जोखिम मूल्यांकन के बाद, आवश्यक विविधताएं और छूट पहले ही दे दी गई थीं"। उन्होंने यह भी कहा कि मौजूदा संकट नयी एफडीटीएल के संचालन के लगभग एक महीने बाद हुआ। संकट के लिए इंडिगो पर दोषारोपण करते हुए नायडू ने कहा कि एक दिसंबर 2025 को भी, जब मंत्रालय ने इंडिगो से एफडीटीएल पर बात की तो कंपनी ने उस मुद्दे को नहीं उठाया था ।

## टोल जाम, सर्वाइकल कैंसर और धरोहर स्थलों की बदहाली पर सांसदों ने घेरा सरकार को



नयी दिल्ली 08 दिसम्बर (एजेंसी)टोल प्लाजा पर जाम, सर्वाइकल कैंसर, यूनेस्को धरोहर स्थलों में बुनियादी सुविधाओं की कमी सहित विभिन्न मुद्दे शून्यकाल के दौरान उठाते हुए राज्यसभा में सोमवार को विभिन्न सदस्यों ने सरकार से इनके समाधान की मांग की। टोल प्लाजा का मुद्दा उठाते हुए शून्यकाल के दौरान आम आदमी पार्टी के राघव चड्ढा ने कहा कि अलग अलग तरीके से कई बार टैक्स देने के बाद भी राजमार्ग पर गाड़ी चलाने पर टोल टैक्स देना पड़ता है और सड़कों की हालत इतनी खराब होती है कि हजारों लोग हर साल दुर्घटनाओं के शिकार होते हैं। उन्होंने कहा कि केरल उच्च न्यायालय ने हाल ही में एनएचएआई को फटकार लगाई थी। चड्ढा ने कहा कि इतना पैसा दे कर भी टोल प्लाजा पर जाम के कारण तीस से चालीस मिनट तक लाइन में लगना पड़ता है। "इसकी वजह से भी कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ता है। कहीं परीक्षा देने जाना है तो देर होती है। अगर किसी को अस्पताल जाना है तो देर होती है। इंटरव्यू है तो देर होती है। इस जाम की वजह से और भी समस्याएं होती हैं।" उन्होंने मांग की सरकार ऐसे नियम बनाएं कि तीस मिनट से अधिक कोई टोल प्लाजा पर जाम में खड़ा है तो उसकी गाड़ी को बिना शुल्क लिए गुजरने देना चाहिए। बीजू जनता दल की सुलता देव ने महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर का मुद्दा उठाया और कहा कि सर्वाइकल कैंसर का कारण ह्यूमन पैपिलोमा वायरस है। उन्होंने कहा कि हमारा सामाजिक ढांचा इस प्रकार का है कि महिलाएं आज भी कई तरह की रूढ़ियों से नहीं निकल पातीं और अपने स्वास्थ्य की ओर ध्यान नहीं दे पातीं। सुलता ने कहा कि कैंसर का इलाज बेहद महंगा होता है और सर्वाइकल कैंसर का टीका उपलब्ध है।"कैंसर के इस प्रकार में ही टीकाकरण हो सकता है अन्य में नहीं।" उन्होंने कहा कि सरकार को सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए महिलाओं के टीकाकरण पर जोर देना चाहिए ताकि वे इस बीमारी से बच सकें। इसी पार्टी के मुजीबुल्ला खान ने ओडिशा के नवरंग जिले की समस्याओं का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि वहां आदिवासी लाख का सामान बनाते हैं लेकिन जंगल से लाख एकत्र करने में खासी परेशानी होती है और फिर सामान नहीं बिक पाता। उन्होंने मांग की कि आदिवासियों के बनाए लाख के सामान को बेचने की व्यवस्था की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि नवरंगपुर में मेडिकल कालेज या अच्छा अस्पताल नहीं है और गरीबों को गंभीर हालत में इधर उधर रेफर करने पर उन्हें बेहद परेशानी होती है। उन्होंने जिले में मेडिकल कालेज की स्थापना करने और अस्पतालों में डॉक्टरों की कमी भी दूर करने की मांग की। उन्होंने कहा कि आजादी के 75 साल हो गए लेकिन नवरंगपुर जिले में रेल कनेक्टिविटी नहीं है। "सरकार को इन समस्याओं की ओर ध्यान देना चाहिए। भाजपा की डॉ मेधा विश्राम कुलकर्णी ने यूनेस्को के धरोहर स्थलों में बुनियादी सुविधाओं की कमी का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि दूर दूर से पर्यटक इन धरोहर स्थलों को देखने आते हैं लेकिन बुनियादी सुविधाओं की कमी न केवल उनके रोमांच पर पानी फेर देती है बल्कि हमारे देश की छवि पर भी असर डालती है। भाजपा की गीता उर्फ चंद्रप्रभा ने मांग की कि महिलाओं द्वारा किए जाने वाले घरेलू काम का आर्थिक मूल्यांकन किया जाना चाहिए और उनके कार्य को आधिकारिक दर्जा दिया जाना चाहिए। कांग्रेस की रजनी अशोकराव पाटिल ने छत्रपति शिवाजी महाराज की पुत्रवधू महारानी ताराबाई से जुड़ा मुद्दा उठाया और उनकी याद में पुणे में बालिकाओं के लिए एक सैन्य विद्यालय स्थापित करने की मांग की। भाजपा के मनन कुमार मिश्रा, तृणमूल कांग्रेस के रीताब्रता बनर्जी, यूपीपी(एल) के रवंगवरा नारजारी, भाजपा के रामचंद्र जांगड़ा और इसी पार्टी के महाराजा संजाओबा लेशंबा ने भी आसन की अनुमति से लोक महत्व के विभिन्न मुद्दे उठाए

## ममता ने पीएम मोदी के वंदे मातरम पर दिए गए वक्तव्य की आलोचना की,

### बोलीं- भाजपा इस मामले का बेवजह राजनीतिकरण कर रही



कोलकाता 08 दिसम्बर (एजेंसी)पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वंदे मातरम पर दिए गए वक्तव्य की आलोचना की। पीएम मोदी ने अपने भाषण में कवि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के वंदे मातरम के सिर्फ एक हिस्से को भारतीय राष्ट्रीय गीत के तौर पर शामिल करने की बात कही थी। ममता ने दावा किया कि भाजपा इस मामले का बेवजह राजनीतिकरण कर रही है।मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कूचबिहार जाने से पहले कोलकाता एयरपोर्ट पर पत्रकारों से कहा, "यह गुरुदेव रवींद्रनाथ टैगोर थे, जिन्होंने राष्ट्रीय गीत के लिए वंदे मातरम के हिस्से को चुना था। भाजपा को उस पर भी आपत्ति थी। उन्हें हर बात पर आपत्ति है। कभी वे गुरुदेव का विरोध करते हैं और कभी वे नेताजी सुभाष चंद्र बोस का विरोध करते हैं।दूसरी तरफ, इंडिगो संकट पर टिप्पणी करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा कि केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय की योजना की कमी यात्रियों की परेशानी के लिए जिम्मेदार है। मैंने देखा है कि पिछले कुछ दिनों से फ्लाइट में गड़बड़ी के कारण यात्रियों को बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इसके लिए केंद्र सरकार जिम्मेदार है।उन्होंने कहा कि योजना की बिल्कुल कमी थी। मुझे लगता है कि यात्रियों को हुई दिक्कतों के कारण कोर्ट जाने का उनका अधिकार है, अगर केंद्र सरकार सही से काम करती तो आज यात्रियों को परेशान न होना पड़ता। उन्होंने यात्रियों को एक जगह से दूसरी जगह जाने के लिए दूसरे विकल्प चुनने के सुझाव पर भी सवाल उठाया और पूछा कि यह कैसे संभव है? उन्होंने कहा कि असल में, भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार आम लोगों के बारे में नहीं सोचती। वे हमेशा चुनाव नतीजों के बारे में सोचते हैं।दरअसल, वंदे मातरम पर चर्चा के दौरान सोमवार को पीएम मोदी ने लोकसभा में कांग्रेस पार्टी पर तीखा हमला बोला और आरोप लगाया कि पार्टी ने मुस्लिम लीग के दबाव में राष्ट्रीय गीत को तोड़ा और उनके सामने घुटने टेक दिए।पीएम मोदी ने कहा, "आज, जब हम वंदे मातरम के 150 साल मना रहे हैं तो हमें नई पीढ़ी को सच्चाई बतानी चाहिए कि कांग्रेस ने एक बार मुस्लिम लीग के दबाव और अपनी हमेशा की तुष्टीकरण की नीति के आगे झुककर इस भजन को बांट दिया था। ऐसा दोबारा कभी नहीं होना चाहिए।पीएम मोदी ने घोषणा की और संसद से आग्रह किया कि उस गीत में गौरव बहाल किया जाए जिसने कभी देश को औपनिवेशिक शासन के खिलाफ एकजुट किया था।

## टीएमसी के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर का दावा- मस्जिद निर्माण के लिए अब तक 1.3 करोड़ का मिला दान



बेहरामपुर 08 दिसम्बर (एजेंसी)पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर द्वारा मुर्शिदाबाद जिले में 'बाबरी मस्जिद' की शैली में मस्जिद बनाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत अब तक करीब 1.3 करोड़ रुपये का चंदा मिल चुका है। कबीर के करीबी लोगों ने बताया कि चंदे के लिए जगह–जगह लगाए गए दानपत्र लगभग भर चुके हैं और नकदी गिनने वाली मशीनों की मदद से रात भर चंदे की गिनती चलती रही। उन्होंने बताया कि लोग दान नकदी और ऑनलाइन दोनों तरीके से दे रहे हैं। कबीर के करीबी लोगों ने सोमवार को बताया कि चार दान पेटियों और एक बोरी से अब तक कम से कम 37.33 लाख रुपये नकद गिने गए हैं, जबकि क्यूआर कोड के माध्यम से ऑनलाइन योगदान 93 लाख रुपये तक पहुंच गया है, जिससे कुल राशि 1.30 करोड़ रुपये हो गई है, जबकि सात और सीलबंद पेटियों को खोला जाना बाकी है। कबीर ने शनिवार को अभूतपूर्व सुरक्षा के बीच मुर्शिदाबाद के रेजिनगर में मस्जिद की आधारशिला रखी। उन्होंने जानबूझकर छह दिसंबर का दिन चुना, जो अयोध्या में 'बाबरी मस्जिद' के विध्वंस की वर्षगांठ है। उनके इस कदम से बंगाल का सियासी पारा चढ़ गया है जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। कबीर ने छह दिसंबर को शिलान्यास कार्यक्रम स्थल पर 11 बड़े स्टेनलेस स्टील के दान पात्र रखे थे और लोगों से चंदे की अपील की थी। स्थानीय लोगों ने बताया कि तब से समर्थक नकदी और यहां तक कि मस्जिद निर्माण के लिए ईंटें लेकर आ रहे हैं। नकदी की गिनती रविवार शाम सात बजे शुरू हुई और मध्य रात्रि तक जारी रही, यह काम 30 लोगों की एक टीम ने विशेष मशीनों का उपयोग करके किया। बाकी सात दानपत्र सोमवार शाम पांच बजे खोले जाएंगे और एक टीम इस प्रक्रिया की निगरानी करेगी। कबीर ने बताया कि पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए, गिनती का सीधा प्रसारण किया जा रहा है। कबीर ने दावा किया कि मदद "सभी अपेक्षाओं से अधिक" है। उनके मुताबिक दान कथित तौर पर देश के बाहर से भी आ रहा है।

## संसद में वंदे मातरम् पर चर्चाः गौरव गोगोई का पीएम मोदी पर पलटावर, कहा- आप नेहरू के योगदान पर दाग नहीं लगा सकते



नयी दिल्ली08 दिसम्बर (एजेंसी) लोकसभा में कांग्रेस के उप नेता गौरव गोगोई ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर वंदे मातरम् पर चर्चा को राजनीतिक रंग देने का आरोप लगाया और कहा कि प्रधानमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के लोग जितनी भी कोशिश कर लें, पंडित जवाहरलाल नेहरू के योगदान पर दाग नहीं लगा सकते। उन्होंने सदन में वंदे मातरम् पर चर्चा में भाग लेते हुए यह भी कहा, "भाजपा के राजनीतिक पूर्वजों का आजादी की लड़ाई में कोई योगदान नहीं रहा।"गोगोई ने दावा किया कि कांग्रेस ने सबसे पहले वंदे मातरम् का उद्घोष किया था। कांग्रेस सांसद ने कहा, "मैंने प्रधानमंत्री के भाषण को गौर से सुना। उनके दो उद्देश्य थे। उनका पहला उद्देश्य यह बताने का प्रयास करने का था कि आपके (सत्तापक्ष) राजनीतिक पूर्वज अंग्रेजों के खिलाफ लड़ रहे थे। उनका दूसरा उद्देश्य इस चर्चा को राजनीतिक रंग देने का था।"गोगोई ने कहा कि प्रधानमंत्री अपने हर वक्तव्य में कांग्रेस और नेहरू का बार–बार उल्लेख करते हैं। गोगोई का कहना था कि इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने सदन में 'ऑपरेशन सिंदूर' पर चर्चा के दौरान नेहरू का नाम 14 बार लिया और कांग्रेस का नाम 50 बार लिया। उन्होंने कहा, "आप जितनी कोशिश कर लें, आप उनके योगदान पर एक भी काला दाग लगाने में सफल नहीं होंगे।"कांग्रेस नेता ने ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य का उल्लेख करते हुए कहा, "मुस्लिम लीग यह कहना चाहती थी कि पूरे वंदे मातरम् का बहिष्कार करना चाहिए और उस समय मौलाना अबुल कलाम आजाद ने स्वयं कहा था कि उन्हें वंदे मातरम् में कोई आपत्ति नहीं है।" उन्होंने कहा, "कांग्रेस ने अपने एक अधिवेशन में यह फैसला किया कि जहां भी कोई आयोजन होगा हम वंदे मातरम् गाएंगे।"गोगोई का कहना था।

## दिल्ली की वायु गुणवत्ता में कोई सुधार नहीं, एक्यूआई पहुंचा 318

नयी दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी में सोमवार सुबह वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 318 दर्ज किया गया जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के 'समीर' ऐप के अनुसार, दिल्ली के 27 केंद्रों में एक्यूआई 'बहुत खराब' श्रेणी में दर्ज किया गया जबकि 11 केंद्रों में एक्यूआई 'खराब' श्रेणी में था। सीपीसीबी के मानकों के अनुसार, शून्य से 50 के बीच एक्यूआई 'अच्छा', 51 से 100 'संतोषजनक', 101 से 200 'मध्यम', 201 से 300 'खराब', 301 से 400 'बहुत खराब' और 401 से 500 के बीच एक्यूआई 'गंभीर' माना जाता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने सोमवार को कोहरे का पूर्वानुमान व्यक्त किया है। दिल्ली में न्यूनतम तापमान 8.7 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 0.9 डिग्री कम है तथा सुबह सापेक्ष आर्द्रता 100 प्रतिशत तक पहुंच गई।

## भाजपा में समय-समय पर देखने को मिलता है कि जो महापुरुष उनके नहीं हैं, उन्हें भी वे अपनाना चाहते हैं : अखिलेश यादव



नयी दिल्ली 08 दिसम्बर (एजेंसी)लोकसभा के शीतकालीन सत्र में सोमवार को भारत के राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के 150 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में विशेष चर्चा चल रही है। इस दौरान समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर सबकुछ अपनाने का आरोप लगाया। लोकसभा में वंदे मातरम पर विशेष चर्चा के दौरान समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा, ष्वंदे मातरम के 150 वर्ष के होने के उपलक्ष्य में हम राष्ट्रीय गीत को सदन में याद कर रहे हैं। हमें इस बात का गर्व है। हम इस मौके पर बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय को भी याद करें जिन्होंने इतना शानदार गीत राष्ट्र को दिया, जिसने लाखों–लाख लोगों को जागृत किया और उनके बीच उत्साह भरा।उन्होंने कहा, ष्आजादी के उस समय पर, जिस समय अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी जा रही थी, वंदे मातरम हमें ऊर्जा और ताकत देता था। वंदे मातरम हमें एकजुट करके अंग्रेजों के खिलाफ लड़ने का माध्यम बनता था। जब कलकत्ता के कांग्रेस अधिवेशन में रवींद्रनाथ टैगोर ने यह गीत गाया, उसके बाद इसकी आम लोगों के बीच भी पहुंच हो गई। जब भी लोगों को अंग्रेजों के खिलाफ लड़ना होता था, तब वंदे मातरम का नारा देकर लोगों को जोड़ने का काम किया जाता था। हमारा कोई भी आंदोलन रहा हो, उसमें हम सभी इस नारे के साथ चले।अखिलेश यादव ने कहा, ष्वंदे मातरम को लेकर हमने लोगों को इतना एकजुट कर दिया कि अंग्रेज उससे घबराने लगे। जहां भी अंग्रेज देखते थे कि यह नारा लगाया जा रहा है, वहां पर लोगों के ऊपर देशद्रोह का कानून लगाकर जेल भेज देते थे। जिस समय बंगाल में बच्चों ने अपने क्लासरूम में यह गीत गाया, ।

# संसद में वंदे मातरम् पर चर्चा शुरू

## पीएम मोदी बोले- मुस्लिम लीग के दबाव में कांग्रेस ने वंदे मातरम् पर किया समझौता



नयी दिल्ली 08 दिसम्बर (एजेंसी)प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को लोकसभा में दावा किया कि पंडित जवाहरलाल नेहरू के कांग्रेस अध्यक्ष रहते हुए मुस्लिम लीग के दबाव में वंदे मातरम् के टुकड़े कर दिए गए। उन्होंने यह भी कहा, "कांग्रेस वंदे मातरम् के बंटवारे पर झुकी, इसलिए उसे एक दिन भारत के बंटवारे के लिए झुकना पड़ा।'मोदी ने सदन में "राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चर्चा" की शुरुआत करते हुए 1975 में देश में लगाए गए आपातकाल का हवाला दिया और कहा कि जब राष्ट्रीय गीत के 100 वर्ष पूरे हुए, तब देश आपातकाल की जंजीरों में जकड़ा हुआ था और संविधान का गला घोंट दिया गया था। उन्होंने कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए कहा, "जब आजादी को कुचलने की कोशिश हुई, संविधान की पीठ पर छुरा घोंप दिया गया और देश पर आपातकाल थोप दिया गया, तब इसी वंदे मातरम ने देश को खड़ा कर दिया।'प्रधानमंत्री ने कहा कि जब मोहम्मद अली जिन्ना ने वंदे मातरम् के विरोध का नारा बुंलद किया तो तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष नेहरू ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस को पत्र लिखा और उसमें जिन्ना की भावना से सहमति जताते हुए कहा कि "वंदे मातरम की आनंद मठ की पृष्ठभूमि मुसलमानों को इरिटेट (क्षुब्ध) कर सकती है।" उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस ने वंदे मातरम् पर समझौता कर लिया और इसके टुकड़े कर दिए और इसके लिए सामाजिक सद्भाव का हवाला दिया गया। प्रधानमंत्री ने कहा, "वंदे मातरम के टुकड़े करने के फैसले में नकाब यह पहना गया कि यह तो सामाजिक सद्भाव का काम है। लेकिन, इतिहास इस बात का गवाह है कि कांग्रेस ने मुस्लिम लीग के सामने घुटने टेक दिए और मुस्लिम लीग के दबाव में यह किया गया। यह कांग्रेस का तुष्टीकरण की राजनीति को साधने का एक तरीका था।" मोदी ने कहा, "दुर्भाग्य से कांग्रेस की नीतियां आज वैसी की वैसी ही हैं और आज आईएनसी चलते–चलते एमएमसी हो गया है।"

## जनता दर्शन में सीएम योगी ने सुनीं फरियादे

### जिलों के अधिकारियों को पारदर्शी निस्तारण के निर्देश



लखनऊ,08 दिसम्बर (एजेंसी)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए फरियादियों से मुलाकात की। सीएम ने एक–एक पीड़ित का प्रार्थना पत्र लेकर उनकी समस्याओं को सुना और तत्काल निस्तारण का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि जनता की शिकायतों का समाधान जिलों में ही हो, इसके लिए पुलिस और प्रशासनिक अफसर जिम्मेदारी के साथ काम करें। जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपदों में तैनात पुलिस अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता की समस्याओं का समाधान स्थानीय स्तर पर ही प्राथमिकता से किया जाए। पुलिस से जुड़े मामलों में पारदर्शिता और निष्पक्षता सर्वोच्च होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पुलिस आयुक्त, एडीजी, एसएसपी और एसपी हर शिकायत की व्यक्तिगत रूप से निगरानी करें और कार्रवाई में किसी भी तरह की ढिलाई न हो। सोमवार के जनता दर्शन में 50 से अधिक पीड़ित अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। इनमें जमीनी विवाद, राजस्व मामलों और पुलिस से संबंधित कई प्रकरण शामिल रहे। मुख्यमंत्री ने हर फरियादी से मिलकर उनकी बात सुनी और उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। उन्होंने अफसरों को निर्देशित किया कि शिकायतों की गंभीरता को समझते हुए समयबद्ध और न्यायपूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस दौरान कुछ पीड़ितों ने अतिरिक्त आर्थिक सहायता की मांग रखी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें आश्वस्त किया कि राज्य सरकार हमेशा जरूरतमंदों के साथ खड़ी है।

# सम्पादकीय

## भारत को सतर्क रहने की ज़रूरत!

पाकिस्तानी आतंकी संगठन एक बार फिर भारत के खिलाफ बड़ी साजिश रचने की फिराक में हैं। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि सुरक्षा एजेंसियों को ऐसी एक खुफिया मीटिंग की जानकारी मिली है, जिसके बाद हाई अलर्ट जारी कर दिया गया है। सूत्रों के मुताबिक पाकिस्तानी आतंकी संगठन लश्कर–ए–तैयबा का डिप्टी चीफ सैफुल्लाह कसूरी बीते दिनों पाकिस्तान के बहावलपुर में एक कार्यक्रम में शामिल हुआ था। बड़ी बात यह है कि बहावलपुर जैश–ए–मोहम्मद के सरगना मसूद अजहर का गढ़ माना जाता है। सूत्रों के



नफीस जाफरी

अनुसार कसूरी अक्सर बहावलपुर आता है और जैश चीफ मसूद अजहर से गुपचुप तरीके से मुलाकात करता है। बताया जा रहा है कि पहलगाम में हुए हमले से ठीक पहले भी कसूरी बहावलपुर आया था, जहां लश्कर और जैश के बीच किसी संयुक्त प्लानिंग पर बातचीत हुई थी। सुरक्षा एजेंसियों को आशंका है कि कसूरी और अजहर की यह मुलाकात भारत के खिलाफ किसी नई आतंकी साजिश का हिस्सा हो सकती है। वैसे यह उपरोक्त मुलाकात उस वक्त हुई है जब अभी हाल ही में पाकिस्तान में आर्मी चीफ आसिम मुनीर को देश का नया सीडीएफ बनाया गया है।

वहीं अब बात पाकिस्तान में आर्मी चीफ आसिम मुनीर की तो मालूम हो कि पाकिस्तान में आर्मी चीफ आसिम मुनीर की पावर और बढ़ गई है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने फील्ड मार्शल सैयद असीम मुनीर को पांच साल के लिए देश के पहले चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज (सीडीएफ) के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति ऑफिस ने एक एक्स पोस्ट में कहा, प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ की ओर से मिली मुनीर को सेनाध्यक्ष (सीओएएस) और रक्षा बलों के प्रमुख (सीडीएफ) दोनों बनाने की सिफारिश को मंजूरी दे दी गई है। पाकिस्तान के राष्ट्रपति के आधिकारिक एक्स हैंडल ने एक पोस्ट में कहा, राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी ने फील्ड मार्शल सैयद असीम मुनीर को सीडीएफ के साथ–साथ 5 साल के लिए सीओएएस के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दे दी। यह प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की मुनीर को अधिक शक्ति सौंपने की इच्छा पर कई अटकलों के बाद आया है। दरअसल शरीफ सरकार को 29 नवंबर को देश के पहले रक्षा बलों के प्रमुख की नियुक्ति को अधिसूचित करना था, जिस दिन सेना प्रमुख के रूप में मुनीर का मूल तीन साल का कार्यकाल समाप्त हुआ था। रक्षा बलों के प्रमुख की भूमिका पिछले महीने संविधान के 27वें संशोधन के तहत बनाई गई थी, जिसका लक्ष्य सैन्य कमान को केंद्रीत करना था। इसके अतिरिक्त, पाकिस्तान के राष्ट्रपति ने एयर चीफ मार्शल जहीर अहमद बाबर सिद्धू की सेवा में दो साल के विस्तार को भी मंजूरी दे दी, जो 19 मार्च, 2026 से प्रभावी होगा। असीम मुनीर को इस साल फील्ड मार्शल रैंक पर प्रमोट किया गया था। वह सीडीएफ के रूप में अपने कर्तव्यों के साथ–साथ सेना प्रमुख का पद भी संभालेंगे। वह जनरल अयूब खान के बाद फील्ड मार्शल की उपाधि पाने वाले देश के इतिहास में केवल दूसरे सैन्य अधिकारी हैं जिन्होंने भारत के साथ 1965 के युद्ध के दौरान पाकिस्तान का नेतृत्व किया था। अब ऐसे में भारत और खासतौर से देश की सुरक्षा और जांच एजेंसियों को और भी सतर्क रहने की जरूरत है। क्योंकि अब पाकिस्तान के सीडीएफ बने असीम मुनीर की भारत विरोधी सोच किसी से छिपी नहीं है। पहलगाम में हुई आतंकी घटना के पहले असीम मुनीर ने किस तरह से अपने एक भाषण में भारत के खिलाफ जहर उगला था, वह उनके भारत विरोध की सोच को उजागर करता है।

# कांग्रेस की समस्या और बढ़ेगी

अजीत द्विवेदी


कांग्रेस लगातार चुनाव हार रही है। यह उसकी एक बड़ी समस्या है। इसमें कोई संदेह नहीं हो सकता है। कांग्रेस के आलाकमान के कमजोर होने की जो धारणा बनी है और सही धारणा बनी है, उसका कारण यह है कि कांग्रेस चुनाव नहीं जीत रही है। 2014 से पहले जब तक कांग्रेस चुनाव जीत रही थी, केंद्र में उसकी सरकार थी और एक दर्जन राज्यों में कांग्रेस और उसकी सहयोगी पार्टियों की सरकार थी, तब तक जैसे भी थे राहुल गांधी बहुत मजबूत थे। वे अपने हिसाब से फैसले करते थे और किसी को भी नेता, मंत्री बना देने में सक्षम थे। लेकिन जब से चुनाव हारने का सिलसिला शुरू हुआ तब से उनकी शक्ति का ह्रास होता गया है और अब ऐसी स्थिति आ गई है कि पार्टी के क्षत्रप अपनी मनमानी कर रहे हैं। हालांकि इसमें कोई नई बात नहीं है। जब पार्टी के सर्वोच्च नेता का करिश्मा चूक जाए और वह चुनाव नहीं जीता सके तो उसकी ताकत कम होती ही है। भाजपा में लालकृष्ण आडवाणी के साथ भी ऐसा ही हुआ था।

लेकिन कांग्रेस की एकमात्र समस्या यह नहीं है कि चुनाव नहीं जिता पाने की वजह से कांग्रेस आलाकमान कमजोर हुआ है। यह उसकी कई समस्याओं में से एक समस्या है। ध्यान रहे भारतीय जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी और समाजवादियों पार्टियों का लंबे समय तक चुनाव हारने का इतिहास रहा है। लेकिन उनके नेतृत्व को लेकर कभी उस तरह से सवाल नहीं उठे, जैसे कांग्रेस के मौजूदा नेतृत्व यानी राहुल गांधी को लेकर उठ रहे हैं। चुनाव हारने वाली पार्टियों के भविष्य पर वैसी चिंता भी नहीं हुई, जैसी कांग्रेस को लेकर हो रही है। इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि कांग्रेस में राजनीति करने वाले लोगों की कमी हो गई है। नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने या अखिलेश यादव से लेकर ममता बनर्जी जैसे प्रादेशिक क्षत्रपों ने राजनीति को 24 घंटे का काम बनाया है। राहुल गांधी और उनके नेतृत्व वाली कांग्रेस यह काम नहीं कर पा रही है।कह सकते हैं कि कांग्रेस की तमाम समस्याओं के मूल में यह कारण है कि उसके यहां राजनीति करने वाले लोग कम हो गए हैं। इस बात को ऐसे भी कह सकते हैं कि राहुल गांधी ने अपने आसपास बड़ी संख्या में अराजनीतिक लोगों को इकत्रद्दा कर लिया है। उनके सलाहकार, जिसे कोटरी कहते हैं, उसके सदस्य हों या उनकी ओर से राज्यों में नियुक्त किए गए नेता हों, उनमें बड़ी संख्या अराजनीतिक लोगों की है, जिनके साथ कांग्रेस के पुराने राजनीति करने वाले नेता तालमेल नहीं बैठा पा रहे हैं। बिहार में प्रभारी महासचिव कृष्णा अल्लावरू के साथ यही हुआ तो झारखंड के प्रभारी के राजू और तेलंगाना की प्रभारी मीनाक्षी नटराजन के साथ भी यही हो रहा है।

महाराष्ट्र में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल के साथ यही समस्या है तो बिहार के प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम के साथ भी यही समस्या है। हिमाचल प्रदेश में नए प्रदेश अध्यक्ष विनय कुमार के साथ यही समस्या आने वाली है। सोचें, सोनिया गांधी के साथ अहमद पटेल, दिग्विजय सिंह, जनार्दन द्विवेदी, मोतीलाल वोरा, एके एंटनी जैसे राजनीति करने वाले लोग थे तो राहुल गांधी के साथ सचिन राव, अलंकार सवाई, मनोज त्यागी, कौशल विद्यार्थी, कृष्णा अल्लावरू, मीनाक्षी नटराजन, हर्षवर्धन सपकाल जैसे निजी सहयोगी या सलाहकार हैं! एक तरफ ऐसे अराजनीतिक लोग हैं तो दूसरी ओर हाइपर एक्टिव डीके शिवकुमार, सिद्धारमैया, भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सचिन पायलट, अशोक गहलोत, भूपेश बघेल, रेवंत रेड्डी जैसे नेता हैं। इनका राहुल की टीम के साथ कैसे तालमेल बनेगा?

राहुल गांधी ने अपनी इनर टीम की पुरानी सदस्य मीनाक्षी नटराजन को तेलंगाना का प्रभारी बना कर भेजा है। उनके जाने पर कांग्रेस के नेता पहले तो बड़े खुश हुए लेकिन अब सब परेशान हैं। वे तेलंगाना में पदयात्रा कर रही हैं। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि उनका काम रणनीति बनाने का होना चाहिए, राजनीति करने का नहीं। यह सही है कि वे गांधीवादी तरीके से काम कर रही हैं लेकिन इससे व्यावहारिक राजनीति प्रभावित हो रही है। जुबली हिल्स विधानसभा का उपचुनाव लड़ना था तो कांग्रेस ने जितनी तिकड़म की उससे नटराजन खुश नहीं थीं। सबको पता है कि दक्षिण के सभी राज्यों की राजनीति पैसे के दम पर चलती है। लेकिन मीनाक्षी नटराजन को प्रदेश कांग्रेस का बेहिसाब पैसा बहाना या अजहरूद्दीन को विधान परिषद में भेज कर मंत्री बनाना पसंद नहीं आया।

# उजागर हुई हुमायूं कबीर की राजनीतिक मंशा!



गुलफिशा खान

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में बीते दिनों हिंदुओं के आध्यात्मिक जागरण के लिए भगवद् गीता का पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें करीब पांच लाख श्रद्धालुओं के शामिल होने का दावा है। गीता पाठ में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस, योग गुरु बाबा रामदेव और धार्मिक गुरु धीरेन्द्र शास्त्री भी शामिल हुए। साथ ही अन्य साधु–संत भी गीता पाठ के लिए कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में पहुंचे। हालांकि इस आयोजन की टाइमिंग को लेकर सवाल उठ रहे हैं। क्योंकि एक दिन पहले ही मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में अयोध्या की बाबरी मस्जिद के मॉडल पर आधारित एक मस्जिद की नींव रखी गई थी। पश्चिम बंगाल में पिछले कुछ दिनों से एक नाम की सबसे ज्यादा चर्चा है।

खास तौर पर मुर्शिदाबाद के बेलडांगा में बाबरी मस्जिद शिलान्यास समारोह से जुड़ा यह नाम है हुमायूं कबीर का। प्रदेश के भरतपुर से विधायक हुमायूं कबीर को हाल में तृणमूल कांग्रेस पार्टी की अनुशासन समिति ने पार्टी से सस्पेंड कर दिया था। वहीं यह कहा जा रहा है कि पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद ज़िले में बाबरी मस्जिद निर्माण की घोषणा करने वाले टीएमसी विधायक हुमायूं कबीर पार्टी से निलंबित होने से नाराज हैं। दरअसल, मस्जिद निर्माण की उनकी घोषणा ने टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी को नाराज कर दिया था, इसी के चलते



हुमांयू कबीर को सस्पेंड किया गया। कार्रवाई के बाद हुमायूं कबीर ने ममता बनर्जी पर बड़ा हमला बोलते हुए उन्हें आरएसएस का एजेंट बताया। हुमायूं मायूं कबीर मुर्शिदाबाद जिले की भरतपुर विधानसभा सीट से विधायक हैं। रेजिनगर के एक सामान्य परिवार से आने वाले हुमायूं कबीर का राजनीतिक सफर उठापटक भरा रहा है। उन्हें मुर्शिदाबाद की राजनीति का शानदार खिलाड़ी माना जाता है। उन्होंने मुर्शिदाबाद में कांग्रेस के दिग्गज नेता अधीर रंजन चौधरी के करीबी सहयोगी के रूप में राजनीति में कदम रखा। वह 2009 से कांग्रेस की मुर्शिदाबाद इकाई के महासचिव थे। साल 2011 के विधानसभा चुनाव में हुमायूं कबीर कांग्रेस के टिकट पर रेजिनगर से पहली बार विधायक चुने गए। साल 2012 में अधीर रंजन चौधरी से मतभेदों की वजह से वह टीएमसी में शामिल हो गए और विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। हालांकि, उसी साल उपचुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। साल 2015 में उन्हें पार्टी विरोधी गतिविधियों के कारण टीएमसी से छह साल के लिए निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद वह 2018 में भाजपा में शामिल हुए और 2019 का लोकसभा चुनाव मुर्शिदाबाद सीट से लड़ा, लेकिन हार गए। साल 2021 के विधानसभा चुनाव से पहले वह फिर से टीएमसी में लौटे और भरतपुर से विधायक चुने गए।

हुमायूं कबीर अपने तीखे और कई बार सांप्रदायिक बयानों की वजह से पहले भी विवादों में रहे हैं। अप्रैल 2025 में वक्फ बिल को लेकर मुर्शिदाबाद में हुए सांप्रदायिक दंगों के बाद भी उनके बयानों पर काफी बवाल मचा था। बाबरी मस्जिद के निर्माण को लेकर हुमायू कबीर ने कहा कि देश भर की इंडस्ट्री मेरी मदद करेगी। भारत में मुसलमानों के पास बहुत पैसा है और वे बाबरी मस्जिद के निर्माण में मदद करेंगे। हुमायूं कबीर इस दौरान भाजपा और तृणमूल कांग्रेस पर भी जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि मैं बंगाल में भाजपा को सत्ता में नहीं आने दूंगा। साथ ही दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस बंगाल में अगली सरकार नहीं बना पाएगी। उन्होंने अपनी पार्टी के बारे में बताते हुए कहा कि मैं एक नई पार्टी बनाऊंगा जो मुसलमानों के लिए काम करेगी। बंगाल चुनाव को लेकर उन्होंने 135 सीटों पर उम्मीदवार उतारने का दावा किया और कहा कि मैं बंगाल चुनाव में एक बड़ा गेमचेंजर बनूंगा। उन्होंने कहा कि मैं एआईएमआईएम के संपर्क में हूं और उसके साथ ही चुनाव लड़ूंगा। मैंने ओवैसी से बात की है।

# क्या कांग्रेस ने सुलझा ली कर्नाटक की अपनी उलझन?



फरीद वारसी

कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है। मुख्यमंत्री हैं सिद्धारमैया। मगर जिस दिन से वो मुख्यमंत्री बने हैं उसी दिन से उनकी अपने ही उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार से ठनी हुई है। उस समय बताया गया कि दोनों नेताओं के बीच सत्ता का बंटवारा 2.5–2.5 साल की तर्ज पर हुआ है। माने ढाई साल बाद शिवकुमार मुख्यमंत्री बन जाएंगे। हालांकि, सिद्धारमैया हमेशा इनकार मोड में ही रहे। ये सब दावे इन दोनों नेताओं के ही समर्थक खुलेआम करते रहे। ढाई साल बीता तो फिर शिवकुमार ने सत्ता की मांग कर दी और सिद्धारमैया ने इनकार कर दिया। दोनों की ब्रेकफास्ट डिप्लोमेसी भी चली और लगा कि मामले का कोई हल ढूंढ लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, चौदह दिसंबर की रैली के लिए सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार इसी हते दिल्ली आएंगे। इस दौरान उनकी पार्टी नेतृत्व से मुलाकात हो सकती है। केसी वेणुगोपाल ने कहा कि 14 दिसंबर की रैली को लेकर भी इस बैठक में बात हुई। कर्नाटक में कांग्रेस पार्टी एकजुट है , आगे भी बैठक होगी। जाहिर है, कांग्रेस के लिए कर्नाटक में सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार दोनों जरूरी हैं। ठीक उसी तरह जैसे राजस्थान में अशोक गहलोत और सचिन पायलट थे। जैसे मध्य प्रदेश में दिग्विजय सिंह, कमलनाथ और ज्योतिरादित्य सिंधिया थे। कांग्रेस उस समय कोई फैसला नहीं ले पाई।



नतीजा दोनों राज्यों में चुनाव हार गई सिंधिया तो पार्टी ही छोड़ गए। कांग्रेस कर्नाटक में वो हालत नहीं चाहती, लेकिन दिक्कत ये है कि मुख्यमंत्री पोस्ट एक है और दोनों नेताओं में से कोई भी इससे कम पर समझौता नहीं करना चाहता।

वहीं इधर कर्नाटक सरकार में नेतृत्व परिवर्तन के लिए चल रही इन सरगर्मियों के बीच राज्य के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा कि आने वाले दिनों को सभी को नए रूप, शक्ति और बदलाव के लिए तैयार रहना चाहिए। दरअसल सरकार द्वारा लोगों के लिए और राज्य के सुधार के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में बात करते हुए कहा डीके ने ये बातें कही। डीके शिवकुमार का यह बयान कांग्रेस आलाकमान की बैठक के बाद आया है। बताते चले कि कर्नाटक संकट पर बीते शनिवार को दिल्ली में सोनिया गांधी के आवास पर कांग्रेस अलाकमान की बैठक हुई थी। जिसमें राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खरगे और केसी वेणुगोपाल शामिल थे। यह बैठक करीब दो घंटे तक चली थी। कांग्रेस आलाकमान की बैठक शनिवार को हुई बैठक के बाद रविवार को डीके ने कहा– एक व्यक्ति को उसके द्वारा किए गए कार्यों के लिए हमेशा याद रखा जाता है। आने वाले दिनों में सभी को नए रूप, शक्ति और बदलाव के लिए तैयार रहना चाहिए। कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने कहा, "आइए हम सभी आने वाले दिनों में इस राज्य में एक नया रूप, नई शक्ति और एक नया बदलाव लाने के लिए तैयार हो जाएं। मानव जीवन स्थायी नहीं है। केवल हमारे द्वारा किया गया या छोड़ा गया कार्य ही स्थायी है। हमारे बुजुर्गों ने भी कहा है कि हमारे शब्द नपे–तुले होने चाहिए और हमारे कर्म सर्वोपरि होने चाहिए। डीके ने आगे कहा कि जब मनुष्य जन्म लेता है, तो हम सभी इस दुनिया में खाली हाथ आते हैं। लेकिन जब हम जाते हैं, तो अपने अच्छे और बुरे कई कर्म अपने साथ ले जाते हैं। उसी तरह, हमारी सरकार के जीवन में, हम आज महत्वपूर्ण पड़ाव छोड़ रहे हैं। डीके शिवकुमार ने यह भी कहा कि मैं हमेशा एक बात कहता हूं। ईश्वर न तो वरदान देता है और न ही श्राप, वह केवल अवसर देता है। हम उन अवसरों का क्या उपयोग करते हैं, यही वास्तव में महत्वपूर्ण है। हमारा जन्म हमारे हाथ में नहीं है, लेकिन अपने लक्ष्यों को प्राप्त करना पूरी तरह से हमारे हाथ में है। और यही वह कार्य है जिसे आज हमारी सरकार आगे बढ़ा रही है। डीके शिवकुमार ने इन बयानों में किसी का नाम नहीं लिया, नेतृत्व बदलने की खुले तौर पर बात भी नहीं की। लेकिन उन्होंने बड़ा संदेश दे दिया कि आने वाले समय पर राज्य में बड़ा बदलाव होगा। डीके के इस बयान का मतलब राज्य में नेतृत्व परिवर्तन से जोड़कर देखा जा रहा है। अब देखना है कि आगे क्या होता है?



# भाजपा करेगी शशि थरूर को भी हाईजेक

HKKरतीय जनता पार्टी (भाजपा) अपने प्रमुख विरोधी दलों को पहले कमजोर करती है, फिर लड़ती है। उसकी यह रणनीति मोदी ब्रांड का एक हिस्सा है। गुजरात में भाजपा ने इसी तरह पैर जमाए थे। इसके बाद 2014 से नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने पहले डा भीम राव अम्बेडकर को महत्वपूर्ण स्थान दिया। कांग्रेस उस समय भी गफलत में थी लेकिन जब लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल को भाजपा ने हाईजेक कर लिया और उनके जन्म दिन के बहाने इन्दिरा गांधी की शहादत को बौना साबित कर दिया तब कांग्रेस का माथा ठनका। कांग्रेस नेतृत्व की नासमझी कहें अथवा नियति का खेल कि गुलाम नवी आजाद, ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रणव मुखर्जी और अब शशि थरूर को भी भाजपा कांग्रेस से दूर करने में सफल हो गयी है। मोदी की सरकार जानबूझकर ऐसे घटनाक्रमों को सामने लाती है जिससे कांग्रेस बिखर जाए। आपरेशन सिंदूर को लेकर विदेशों में भारत का पक्ष रखने के लिए इसीलिए शशि थरूर का नाम शामिल किया गया था और अब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सम्मान में डिनर में भी नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को आमंत्रण न देकर शशि थरूर को मोदी सरकार ने बुलाया।

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए 5 दिसम्बर रात आयोजित किए गए राष्ट्रपति भवन में डिनर कार्यक्रम में कांग्रेस सांसद शशि थरूर भी शामिल हुए। थरूर का इस कार्यक्रम में शामिल होना काफी चर्चा वाला रहा, क्योंकि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को इसमें न्योता नहीं मिला था। डिनर में शामिल होने के बाद शशि थरूर ने सोशल मीडिया में पोस्ट करके बताया है कि वहां का माहौल बहुत अच्छा व दिलचस्प था और उन्हें मजा आया। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दो दिवसीय भारत दौरे पर आए थे जहां दोनों देशों के बीच कई अहम समझौतों पर मुहर लगी। पुतिन को पीएम मोदी ने रूसी भाषा में लिखी गीता समेत कई अन्य चीजें गिफ्ट कीं। भगवद गीता गिफ्ट करने पर कांग्रेस सांसद शशि थरूर की भी प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा है कि इसे देकर पुतिन को हिंदू बनाने की कोशिश नहीं हुई है, बस यह इसलिए दिया गया ताकि वह इसे अपनी भाषा में समझ सकें।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर और पार्टी में सब कुछ ठीक चलता हुआ नहीं दिख रहा है। हफ्तेभर में पार्टी की दो अहम बैठकों से दूर रहने वाले थरूर इन दिनों केंद्र सरकार के गुणगान करते नजर आ रहे। कई मसलों पर थरूर ने मोदी सरकार के कामों की तारीफ की है, जिसके बाद से राजनीतिक गलियारों में चर्चा होने लगी है कि क्या थरूर आने वाले समय में कांग्रेस में ही रहेंगे या फिर भाजपा में शामिल होंगे। वहीं, क्या उनका कोई अन्य कदम होगा, इस पर भी चर्चा चल रही है। कांग्रेस छोड़ने के सवाल पर थरूर ने कहा कि मैं कांग्रेस पार्टी का सांसद हूं और चुने जाने के लिए बहुत मेहनत की है। उनसे जब पूछा गया कि क्या शशि थरूर कांग्रेस पार्टी छोड़ेंगे या नहीं, तो इस पर उन्होंने जवाब दिया कि मुझे नहीं पता कि यह क्यों पूछना पड़ रहा है। मेरा मतलब है कि मैं कांग्रेस पार्टी का सांसद हूं। मैंने चुने जाने के लिए बहुत मेहनत की। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मैं यहां कुछ समय बाद आया हूं। कुछ सालों से मुझे लगता है कि उनका नजरिया अलग था। इस बार ऐसा लगा कि उन्होंने दूसरी आवाजों के लिए थोड़ा और खुलने का फैसला किया। शशि थरूर ने कहा, सच कहूं तो क्योंकि दूसरे देशों के साथ रिश्ते ही पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमेटी देखती है, इसलिए बातचीत, माहौल वगैरह में क्या चल रहा है, इसकी कुछ जानकारी होना मददगार होता है। इसलिए मैं इसी वजह से यहां आकर बहुत खुश हूं। न ज्यादा, न कम। थरूर ने बताया कि डिनर में राष्ट्रपति भवन में उनकी मौजूदगी की वजह पार्लियामेंट्री स्टैंडिंग कमिटी के चेयरमैन के तौर पर उनके काम से ज्यादा जुड़ी हुई थी। शशि थरूर कांग्रेस से अपनी सम्बद्धता को लेकर इशारों में बात करते हैं। वह कहते हैं कांग्रेस सांसद बनने के लिए बहुत मेहनत की। कुछ और बनने के लिए काफी सोच–विचार और कई दूसरी बातों पर ध्यान देना होगा। थरूर ने बताया कि उन्हें वोटर्स के लिए काम करना है और उनके प्रति अपनी जिम्मेदारियों को पूरा करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं।

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कन्फर्म किया था कि लोकसभा और राज्यसभा दोनों में विपक्ष के नेताओं , राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे को रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सम्मान में रखे गए ऑफिशियल डिनर में नहीं बुलाया गया था। कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने पार्टी सांसद शशि थरूर को राष्ट्रपति की दावत में बुलाने के फैसले पर भी सवाल उठाया। पवन खेड़ा ने कहा कि वह काफी हैरान हैं, खासकर इसलिए क्योंकि कांग्रेस के बड़े नेताओं को गेस्ट लिस्ट में शामिल नहीं किया गया था। भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए खेड़ा ने कहा, हर किसी की अंतरात्मा की आवाज होती है। जब मेरे नेताओं को नहीं बुलाया जाता, लेकिन मुझे बुलाया जाता है, तो हमें समझना चाहिए कि यह खेल क्यों खेला जा रहा है, कौन खेल रहा है और हमें इसका हिस्सा क्यों नहीं बनना चाहिए। थरूर ने पार्लियामेंट के बाहर रिपोर्टर्स से कहा था कि हां, मुझे न्योता मिला है और वह जरूर जाएंगे।

पीएम मोदी के पुतिन को भगवद गीता गिफ्ट करने और केंद्रीय मंत्री एचडी कुमारस्वामी के स्कूल एजुकेशन में भगवद गीता को शामिल करने के ट्वीट पर, कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा, जब मैंने 1989 में द ग्रेट इंडियन? नॉवेल पब्लिश किया था, जो महाभारत का एक सटायरिकल रीटेलिंग था, तो मैंने पहले ही यह बात कही थी कि क्योंकि हम इंग्लिश मीडियम में पढ़ रहे हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि हमें अपने एपिक्स नहीं जानने चाहिए। मुझे लगता है कि स्कूल के दिनों में महाभारत, रामायण वगैरह पढ़ने में कोई प्रॉब्लम नहीं है और गीता हमारी पुरानी सिविलाइजेशन और हिस्ट्री का बहुत बड़ा हिस्सा है। यह पुतिन को हिंदू बनाने की कोशिश नहीं है। शशि थरूर ने पुतिन को भगवद गीता दिये जाने पर कहा कि इसे रूसी भाषा में देने का मतलब सिविलाइजेशनल और स्पिरिचुअल हेरिटेज से सीखे गए कुछ जरूरी सबक दूसरे कल्चर को बताना है। मुझे इसमें कुछ भी गलत नहीं लगता। यह पुतिन को हिंदू बनाने की कोशिश नहीं है।बस यह इसलिए दिया गया ताकि वह इसे अपनी भाषा में समझ सकें। मुझे लगता है कि स्कूल के दिनों में महाभारत, रामायण वगैरह पढ़ने में कोई प्रॉब्लम नहीं है और गीता हमारी पुरानी सिविलाइजेशन और हिस्ट्री का बहुत बड़ा हिस्सा है। यह एक अच्छा जेस्चर है क्योंकि यह दिखाता है कि हम क्या हैं। उधर कांग्रेस ने थरूर के न्योता स्वीकार करने पर उन पर तंज कसा। पार्टी के मीडिया और पब्लिसिटी डिपार्टमेंट के हेड पवन खेड़ा ने सरकार पर रोजाना प्रोटोकॉल तोड़ने और डेमोक्रेटिक सिद्धांतों में विश्वास न करने का आरोप लगाया। इस प्रकार कांग्रेस नेतृत्व भी शशि थरूर को अपने पाले में रखने की इच्छा नहीं रखता। ¼fgQh½

# मानवाधिकार की सार्थकता

9म 10 दिसंबर को मानवाधिकारों का उत्सव मनाते है। उस दिन की स्मृति में जब संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 1948 में मानवाधिकारों की सार्वभौमिक घोषणा को अपनाया था। यह घोषणा हमारे समाजों के मानवाधिकार ढांचे की रीढ़ है, जहां हममें से प्रत्येक को बिना किसी भेदभाव के शांति और सुरक्षा के साथ रहने और फलने–फूलने का अधिकार है। संयुक्त राष्ट्र ने 1050 में हर वर्ष की 10 दिसम्बर को विश्व मानवाधिकार दिवस मनाना तय किया था। 75 वर्ष पहले पारित हुआ विश्व मानवाधिकार घोषणा पत्र एक मील का पत्थर हैं जिसने समृद्धि, प्रतिष्ठा व शांतिपूर्ण सह अस्तित्व के प्रति मानव की आकांक्षा प्रतिबिंबित की है। आज यही घोषणा पत्र संयुक्त राष्ट्र संघ का एक बुनियादी भाग है। 10 दिसंबर 2025 को दुनिया की सबसे महत्वपूर्ण वैश्विक प्रतिज्ञाओं में से एक मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा की 77वीं वर्षगांठ है । 2025 में मानवाधिकार दिवस की थीम हमारी रोजमर्रा की अनिवार्यताएं, तीन सरल सत्यों पर जोर देती हैं। मानवाधिकार सकारात्मक हैं मानवाधिकार आवश्यक हैं और मानवाधिकार प्राप्य हैं।

मानव अधिकार वे मूल अधिकार हैं जो इस धरती पर प्रत्येक व्यक्ति के पास हैं। मानवाधिकार मौलिक अधिकार और स्वतंत्रता हैं। मानवाधिकारों में जीवन और स्वतंत्रता का अधिकार, गुलामी और यातना से मुक्ति, राय और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता, काम और शिक्षा का अधिकार और बहुत कुछ शामिल हैं। बिना किसी भेदभाव के हर कोई इन अधिकारों का हकदार है। भारत का स्वतंत्रता आंदोलन मानवाधिकारों के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्रोत रहा है। कुछ अधिकार ऐसे होते है जो व्यक्ति को जन्मजात मिलते है। उन अधिकारों का व्यक्ति के आयु, प्रजातीय मूल, निवास–स्थान, भाषा, धर्म पर कोई असर नहीं पड़ता।

देश के विशाल आकार व विविधता तथा सम्प्रभुता सम्पन्न धर्म–निरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणतंत्र के रूप में इसकी प्रतिष्ठा तथा एक भूतपूर्व औपनिवेशिक राष्ट्र के रूप में इसके इतिहास के परिणामस्वरूप भारत में मानवाधिकारों की परिस्थिति एक प्रकार से जटिल हो गई है। भारत का संविधान मौलिक अधिकार प्रदान करता है जिसमें धर्म की स्वतंत्रता भी शामिल है। संविधान की धाराओं में बोलने की आजादी के साथ–साथ कार्यपालिका और न्यायपालिका का विभाजन तथा देश के अन्दर एवं बाहर आने–जाने की भी आजादी दी गई है। भारतीय परिदृश्य में यह समझ पाना थोड़ा मुश्किल है कि क्या वाकई में मनुष्य के लिए चिन्हित किये गए मानवाधिकारों की सार्थकता है?

भारत में 28 सितम्बर 1993 से मानव अधिकार कानून अमल में आया। 12 अक्टूबर 1993 में सरकार ने राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग का गठन किया। आयोग के कार्यक्षेत्र में नागरिक और राजनीतिक के साथ आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक अधिकार भी आते हैं। जैसे बाल मजदूरी, स्वास्थ्य, भोजन, बाल विवाह, महिला अधिकार, हिरासत और मुठभेड़ में होने वाली मौत, अल्पसंख्यकों और अनुसूचित जाति और जनजाति के अधिकार। पूरे विश्व में इस बात को अनुभव किया गया है और इसीलिए मानवीय मूल्यों की अवहेलना होने पर वे सक्रिय हो जाते हैं। इसके लिए हमारे संविधान में भी उल्लेख किया गया है। संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 16, 17, 19, 20, 21, 23, 24, 39, 43, 45 देश में मानवाधिकारों की रक्षा करने के लिए सुनिश्चित हैं।कहने में मानवाधिकार शब्द बहुत बड़ा है क्योंकि मानवाधिकारो से हर व्यक्ति का हित जुड़ा होता है। आज के दौर में कोई भी मानव को उनके वास्तविक अधिकार नहीं देना चाहता है। राजनेता मानव अधिकार की बात तो जोरशोर से करते हैं मगर जब अधिकार देने की बारी आती है तो पीछे खिसकने लगते हैं। राज नेताओं को पता है कि यदि लोगों को उनके अधिकार मिल गये तो उनकी नेतागिरी बन्द हो जायेगी। हमारे देश के संविधान में मानव को बहुत सारे अधिकार दिये गये हैं। मगर उन पर अमल नहीं हो पाता है। मानव अधिकारों की रक्षा के लिये बनाये गये कानून महज कागजो में सिमट कर रह जाते हैं।

इतिहास गवाह है कि भारत ने कभी भी संस्कृति, धर्म या अन्य कारकों के आधार पर दूसरों को अपने अधीन करने की कोशिश नहीं की है। भारत एक ऐसा देश है जिसके मूल में मानवाधिकार की अवधारणा है। भारत के लोग मानवाधिकारों का सम्मान करते हैं और उनकी रक्षा करने का संकल्प भी लेते हैं। भारत विश्व स्तर पर आज भी मानवाधिकार का समर्थन करता रहा है। मानवाधिकार दिवस की नींव विश्व युद्ध की विभीषिका से झुलस रहे लोगों के दर्द को समझ कर और उसको महसूस कर रखी गई थी। किसी भी इंसान की जिन्दगी, आजादी, बराबरी और सम्मान के अधिकार का नाम ही मानवाधिकार है। भारतीय संविधान इन अधिकारों की न सिर्फ गारंटी देता है, बल्कि इसे तोडने वाले को अदालत सजा भी देती है।पूरी दुनिया में मानवता के खिलाफ हो रहे जुल्मों–सितम को रोकने, उसके खिलाफ संघर्ष को नई परवाज देने में इस दिवस की महत्वपूर्ण भूमिका है।

# भारत-नेपाल सीमा पर 86 बैग अखरोट के साथ तस्कर गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। सीमा पर अवैध व्यापार और तस्करी पर रोक लगाने के लिए 59 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नानपारा द्वारा लगातार सतर्कता बरती जा रही है। सोमवार को सीमा चौकी बलाईगांव द्वारा विशेष खुफिया सूचना के आधार पर बीपी संख्या 663/3 से लगभग 1 किमी दूर, सोहानी बलाईगांव में उप निरीक्षक/सामान्य रवि कुमार 04 के साथ एक नाका लगाया गया। लगभग 04 बजे नाका टीम ने बलाईगांव से मिहीपुरवा की ओर जा रहे एक महिंद्रा बोलेरो पिकअप वाहन को रोककर तलाशी ली। वाहन में भारी मात्रा में अखरोट से भरी 86 बोरियाँ (प्रत्येक 10 किलोग्राम, कुल 860 किलोग्राम) बरामद की गईं। पूछताछ में चालक ने अपना नाम राजगुरु पुत्र रमाशंकर ग्राम व डाकघर सर्राकलां जिला बहराइच बताते हुए स्वीकार किया कि यह अखरोट नेपाल से अवैध रूप से सीमा पार कर भारतीय क्षेत्र में डंप किया गया था और आगे मिहीपुरवा ले जाया जा रहा था। चालक किसी भी प्रकार के वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने में असमर्थ रहा। बॉर्डर क्षेत्र में तस्करी की आशंका, वैध कागजातों का अभाव तथा आरोपी के कबूलनामे के आधार पर उक्त सामान को कस्टम्स एक्ट, 1962 के प्रावधानों के तहत संदिग्ध तस्करी माल मानते हुए जब्त किया गया। जब्त किए गए अखरोट, वाहन तथा पकड़े गए व्यक्ति को कस्टम्स विभाग, मिहीपुरवा को आगे की विधिक कार्रवाई हेतु विधिवत रूप से सुपुर्द कर दिया गया है। 59 वाहिनी सशस्त्र सीमा बल नानपारा सीमा पार तस्करी की हर गतिविधि पर कड़ी नजर रखे हुए है और इस प्रकार की अवैध गतिविधियों को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है।

# ढाबे पर खड़े ट्रक से 60 लीटर डीजल चोरी

न्यूज वाणी ब्यूरो

शाहजहांपुर, मीरानपुर कटरा। लखनऊ दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे स्थित बाबा ढाबे पर खड़े ट्रक से अज्ञात चोरों ने टैंक के ताले तोड़कर 60 लीटर डीजल चोरी कर लिया। जलालाबाद के ग्राम रुस्तमपुर मंडी गेट निवासी ट्रक चालक सलीम पुत्र मुन्ने ने कटरा थाना पुलिस को अज्ञात चोरों के विरुद्ध दी तहरीर में बताया है कि उत्तराखंड के हल्द्वानी से मोरंग लेकर जलालाबाद जा रहा था। बीती रात्रि 3.30 बजे तेज नींद लगने पर लखनऊ दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे स्थित बाबा ढाबे पर ट्रक संख्या यूपी 27 एटी 9686 को खड़ा करके केबिन में सो गया था। प्रातः नींद से जागने पर ट्रक से उतरकर देखा तो ट्रक के डीजल टैंक का ताला टूटा हुआ था और टैंक से डीजल गायब था। अज्ञात चोरों ने डीजल टैंक से 60 लीटर डीजल चोरी कर लिया है। पुलिस ने चालक की तहरीर पर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। इसी तरह से पहले भी कई ढाबे पर खड़े ट्रक के टैंक के ताले तोड़कर डीजल चोरी कर लिया गया था। जिसका पुलिस आज तक खुलासा नहीं कर पाई है। थाना प्रभारी निरीक्षक जुगल किशोर पाल ने बताया है कि डीजल चोरी की सूचना पर पुलिस मौके पर गई थी। पुलिस मामले में जांच पड़ताल कर रही है।

# दस दिसंबर को फतेहपुर कर्खा में होगा जागरूकता कार्यक्रम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फिरोजाबाद। उ0प्र0 खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा जनपद स्तर पर विपणन विकास सहायता योजना (एससीएसपी) के अन्तर्गत तहसील शिकोहाबाद के ग्राम पंचायत फतेहपुर कर्खा में दस दिसंबर को एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। जागरूकता कार्यक्रमों में जीरो पोवर्टी लाइन के अन्तर्गत चिन्हित व्यक्तियों को सरकारी योजनाओं में यथासम्भव लाभ प्राप्त कराने हेतु निर्देश प्राप्त हुए है। जिसमें प्रतिभागियों को खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा संचालित समस्त रोजगारपरक एवं लाभार्थीपरक योजनाओं की जानकारी दी जायेगी। उक्त कार्यक्रम में आवेदन से लेकर उद्योग स्थापना तक की समस्त प्रक्रिया विभागीय बेबसाइट पर ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से सम्पादित किया जायेगा। खादी ग्रामोद्योग योजना के अन्तर्गत जीरो पोवर्टी लाइन के अन्तर्गत चिन्हित व्यक्तियों को विभाग की समस्त योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया जायेगा।

# वरिष्ठ भाजपा नेता ने लगाया एसआईआर फार्म भरवाने का 13 वां कैम्प



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। एसआईआर फार्म भरवाने हेतु वरिष्ठ भाजपा नेता, नगर पालिका परिषद में नेता प्रतिपक्ष एवं जिला उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल शरद बाजपेयी ने अपने आवास पर लगातार 13 वां कैम्प लगवाया, जिसमें अब तक जिन लोगों ने फार्म भरकर जमा नहीं किए हैं उनके फार्म भरवाकर जमा कराये गये और आनलाइन फीडिंग कराई गई। भाजपा नेता शरद बाजपेयी ने कहा कि एसआईआर सभी देशवासियों के हित में है इससे बाहरी व्यक्तियों की पहचान के साथ–साथ व्यवस्थित वोटर लिस्ट प्राप्त होगी, जो बाहरी लोग देश में अवैध रूप से रह रहे हैं और देश के संसाधनों का उपयोग कर रहे हैं उनकी भी पहचान हो सकेगी इससे 140 करोड़ भारतवासियों को देश के संसाधनों पर पूरा हक मिलेगा जिसे बाहरी लोग यहां रहकर लूट रहे हैं। जो पार्टियां एस आई आर का विरोध कर रही हैं उनकी मानसिकता जनता जान चुकी है। और लगातार विरोधी पार्टियां मुंह की खा रहीं हैं। शरद बाजपेयी ने कहा कि जब से एस आई आर का कार्य शुरू हुआ है तभी से घुसपैठिये बेचैन है और देश छोड़कर भाग रहे हैं। देशहित में ये बहुत अच्छा कार्य हो रहा है। जिन लोगों के फार्म अभी तक नहीं भरे थे आज उन्हें बुलाकर फार्म भरवाकर जमा कराने के साथ साथ आनलाइन फीडिंग भी करवाई। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री डिम्पी शंखवार, आंगनबाड़ी कार्यकत्री मुन्नी देवी, नवनीत जैन, अन्नू दीक्षित, अनुभव, राजू जैन, प्राची सहित क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान

**फैसल चश्में वाले**

(साइन्टिफिक आप्टीशियन)

किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।

(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)

हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है।

नोट- सरदर्द, आँखो मे दर्द, मोतिया बिन्द, रतौंधी, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नजर व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफ्ट कान्टेक्ट लेन्स लगाये जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।

नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।

**फैसल चश्में वाले**

किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, आबू-फतेहपुर

| डा. जमाल अहमद | हाजी खलील अहमद जाफरी | एफ.ए.जाफरी |
|---|---|---|
| जी.टी. रोड, फतेहपुर | सम्पादक कारवाने हक | D.R. (Opt.) |
| MBBS. (H) P.M.P | 9415065213 | 7379440876 |

# पूरी दुनिया को दिखती है अयोध्या की स्वच्छता : महापौर

## -नगर निगम ने किया प्रभावी कचरा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन

## -केवल विशिष्टजन के आगमन पर होने वाली सफाई पर्याप्त नहीं रु नगर आयुक्त




अयोध्या।(संवाददाता ) महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा है कि अयोध्या की स्वच्छता पूरी दुनिया को दिखती है और सराहना भी मिलती है। उन्होंने इसका श्रेय कर्मचारियों को देते हुए कूड़ा से आर्थिक संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। महापौर ने दुबई में आयोजित एशियाई मेयर कॉन्फ्रेंस में टोक्यो मॉडल, जिसमें आठ प्रकार से कचरा विभाजित किया जाता है, का उदाहरण देते हुए लोगों को जागरूक करने पर बल दिया। वह रायबरेली बाईपास पर स्थित कल्याण मंडपम में नगर निगम एवं चिंतन इन्वायरमेंटल रिसर्च एंड एक्शन ग्रुप दिल्ली द्वारा आयोजित प्रभावी कचरा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने कहा कि सफाई में सुपरवाइजरों की अहम भूमिका है। कूड़ा एकत्र कर एमआरएफ सेंटर तक पहुंचाने के साथ ही उससे खाद का निर्माण अथवा सीमेंट प्लांट तक पहुंचाकर पूरी तरह से उपयोगी बनाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि केवल विशिष्टजन के आगमन पर सफाई करना ही पर्याप्त नहीं है। सफाई 24 घंटे और अनवरत स्थापित होने वाली आवश्यकता है। उन्होंने इस मामले में जनसहयोग की भूमिका को भी रेखांकित किया और बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते 25 नवंबर को अयोध्या को दुनिया की सबसे स्मार्ट सिटी बनाने का संकल्प जताया है।

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएम शुक्ल ने कहा कि सफाई के दौरान सफाईकर्मी ग्लब्स और मार्क्स पहनें। सफाई मित्र समय पर जाएं। दरवाजे को खटखटाएं करें तथा उन्हें गीला और सूखा कचरा अलग करने के बारे में बताएं। उन्होंने सफाई कर्मियों को जल्द ही टीटी की वैक्सीन लगवाने के लिए शिविर लगाने का भी वादा किया। कार्यशाला का आयोजन गीला–सूखा कचरा पृथक्करण, सफाई उपकरण का सुरक्षित उपयोग तथा एमआरएफ संचालन की सर्वोत्तम प्रथाएं एवं डोर–टू–डोर कूड़ा संग्रहण को बेहतर बनाने के लिए प्रशिक्षित करने के लिए किया गया। कार्यशाला का संचालन राम का घर के संयोजक आलोक सिंह राणा ने किया। इस मौके पर पार्षद रमाशंकर निषाद, सहायक नगर आयुक्त गुरुप्रसाद पांडेय, चिंतन संस्था के ज्ञानदीप एवं विमल, राम की घर की एकता भटनागर, मुख्य सफाई निरीक्षक कमल कुमार, राजू भारती आदि मौजूद थे।

# हर पात्र नागरिक को मतदाता बनाने का संकल्प, बूथों पर पहुचे विधायक

## -कोई पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे



अयोध्या(संवाददाता)। विशेष प्रगाढ़ मतदाता पुनरीक्षण अभियान के तहत रविवार को विधायक वेद प्रकाश गुप्ता एवं भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने महानगर क्षेत्र के एक दर्जन से अधिक बूथों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। नेताओं ने तुलसी कन्या इंटर कालेज, लक्ष्मण बाल विद्या मंदिर, मधूसूदन विद्या मंदिर, तथा ग्राम पंचायत अजना के बूथों का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने बीएलए–2, बूथ अध्यक्षों एवं अन्य कार्यकर्ताओं से पुनरीक्षण अभियान की प्रगति की जानकारी ली । विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि कार्यकर्ता को घर–घर संपर्क कर मतदाताओं को जागरूक करने के निर्देश दिए। 16 दिसम्बर से प्रारम्भ होने वाले विशेष सघन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दूसरे चरण की तैयारियों की समीक्षा करते हुए कहा कि इस चरण में एक भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे, यह सुनिश्चित करना बूथ समिति की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि बूथ स्तर के पदाधिकारी हर घर तक पहुंच बनाएं और मतदाता सूची की शुद्धता पर विशेष ध्यान दें। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्देशित किया कि बोगस मतदाताओं, फर्जी नामों तथा दो स्थानों से मतदाता बने लोगों की पहचान कर समय रहते उनका निराकरण कराया जाए, जिससे निष्पक्ष और पारदर्शी लोकतांत्रिक प्रक्रिया सुनिश्चित हो सके।

महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा, भारतीय जनता पार्टी हर पात्र नागरिक को उसका संवैधानिक अधिकार दिलाने के लिए पूरी निष्ठा से कार्य कर रही है। एसआईआर अभियान लोकतंत्र को मजबूत करने का सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। बूथ स्तर के कार्यकर्ता ही इस अभियान की रीढ़ हैं और उनकी सक्रियता से ही शत–प्रतिशत शुद्ध मतदाता सूची तैयार हो सकेगी।भ्रमण के दौरान संजय शुक्ला, मुकेश तिवारी, विनय जायसवाल, विनोद श्रीवास्तव, बालकष्ण वैश्य, अरविंद सिंह, रमेश वर्मा, दीपक सिंह, अश्वनी गुप्ता, रमेश पाण्डेय, परमानंद मिश्र, प्रदीप यादव सहित अन्य पदाधकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से होगा चौवहवा तालाब का सुंदरीकरण

## -महापौर ने स्थानीय निवासियों की मौजूदगी में किया शिलान्यास



अयोध्या(संवाददाता )। पलिया शाहबदी स्थित आदर्श जलाशय चौवहवा का डेढ़ करोड़ रुपये की लागत से सुंदरीकरण कराया जाएगा। इस कार्य का शिलान्यास महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने स्थानीय निवासियों की मौजूदगी में शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि कार्य की गुणवत्ता में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जय मां काली स्थान से सटे इस तालाब के सुंदरीकरण से स्थानीय लोगों को प्रकृति की छांव में बैठ कर समय गुजारने एवं टहलने का अवसर सुलभ होगा। उन्होंने शिलापट से पर्दा हटाकर शिलान्यास किया। इस मौके पर क्षेत्रीय पार्षद रमाशंकर निषाद, भाजपा के जिला महामंत्री राधेश्याम त्यागी, वरिष्ठ भाजपा नेता इं. रवि तिवारी, मंडल अध्यक्ष रवि सोनकर, अपर आयुक्त भारत भार्गव, सहायक अभियंता निर्माण भारत सिंह वर्मा और अवर अभियंता अमित जायसवाल के अलावा स्थानीय निवासी सुनील जायसवाल, सुभाष मिश्र, संतराम निषाद ,नीरज निषाद, इंद्रेश मिश्र, चंद्रभूषण मिश्र, अमित दुबे, सुखलाल, धर्मवीर, अनिल मिश्र, अजय आदि मौजूद थे। नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडेय ने बताया कि तालाब के किनारे टहलने का रास्ता, प्रवेश द्वार, टॉयलेट ब्लॉक, बाउंड्री वॉल, रिटेनिंग वॉल, रेलिंग, जल निकासी की व्यवस्था के साथ हाईमास्ट लाइट लगाया जाएगा। इसके अलावा ओपन जिम, बच्चों के खेलने के लिए झूला, तालाब में फौव्वारा, बैठने की बेंच, डस्टबिन, पानी के लिए ट्यूबवेल तथा नहाने के स्थान पर चेंजिंग रूम, पेयजल व्यवस्था के लिए वाटर कूलर लगाया जाएगा। इसके साथ ही पाथवे के किनारों को पेड़–पौधे, फूलों से सजाया जाएगा।

# मौत के बाद भी खाते से निकाल लिया 45 लाख

## बैंक खाताधारक की पत्नी क्लेम करने पहुंची तो हुआ खुलासा

प्रयागराज(संवाददाता )। बैंक ऑफ बड़ौदा की लालगोपालगंज शाखा में एक मृतक के खाते से फर्जीवाड़ा कर 45 लाख रुपये निकाल लेने का मामला सामने आया है। इसका खुलासा तब हुआ जब मृतक की पत्नी क्लेम करने बैंक शाखा पहुंची। पता चला कि उक्त खाते से करीब 45 लाख रुपये निकाले जा चुके हैं। प्रारंभिक जांच में बैंक कर्मियों और टायनी संचालक की मिलीभगत सामने आई है। इन सभी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। इस फर्जीवाड़े के लिए फर्जी चेकबुक का इस्तेमाल किया गया। प्रकरण की जांच के लिए कमेटी भी गठित हुई है।

प्रतापगढ़ के थाना हथिगवां स्थित परेवा नारायणपुर निवासी मदीहा के पति महफूज अहमद फारूकी का करीब आठ माह पूर्व निधन हो चुका है। महफूज के बैंक ऑफ बड़ौदा की लालगोपालगंज शाखा में बैंक खाते में 56 लाख रुपये से अधिक की धनराशि जमा थी। 30 अक्तूबर 2025 को जब मदीहा पति का मृत्यु प्रमाणपत्र लेकर उक्त धनराशि के लिए क्लेम करने बैंक पहुंचीं तो शाखा प्रबंधक ने खाते में केवल 11 लाख रुपये होने की जानकारी दी। मदीहा की आपत्ति के बाद जब शाखा प्रबंधक ने छानबीन शुरू की तो चौंकाने वाला मामला सामने आया।जांच में पता चला कि महफूज फारूकी की मौत के बाद 7 जुलाई को मृतक के नाम से एक फर्जी चेकबुक जारी कराई गई। इसके बाद खाते से धनराशि उड़ाने का सिलसिला शुरू हुआ। बैंक रिकॉर्ड के अनुसार 14 अगस्त को पीयूष शुक्ला नाम के व्यक्ति ने चेक के जरिये 3 लाख रुपये और उसी दिन संजय विश्वकर्मा ने 10 लाख रुपये निकाल लिए। संजय विश्वकर्मा इसी बैंक शाखा में टायनी संचालक और पीयूष उसका मित्र बताया जा रहा है। इसके बाद 14 से 17 अक्तूबर के बीच दो और चेक से 17.5 लाख और 15 लाख की रकम संजय के खाते में ट्रांसफर की गई। घोटाले के खुलासे पर शाखा प्रबंधक ने उच्चाधिकारियों को इसकी जानकारी दी। विभाग ने जांच कमेटी गठित कर दी है।

# हर्रई में तीसरे चरण की निकाली गई संविधान पदयात्रा

प्रयागराज(संवाददाता )। डा. अम्बेडकर वेलफेयर नेटवर्क (डान) के तत्वधान में यमुनापार को जिला घोषित करने, उत्तर प्रदेश की अनुसूचित जाति की उपजाति कोल को अनुसूचित जनजाति में शामिल करने, विधानसभा बारा और कोरांव को अनुसूचित जनजाति हेतु सुरक्षित करने आदि मांगों को लेकर सोमवार 08 दिसम्बर से लेकर आगामी 19 दिसम्बर तक यमुनापार की तहसील करछना थाना करछना, कौंधियारा, स्थित दसों गांवों में संविधान के सम्मान में संविधान पदयात्रा निकाली जा रही है।इसके क्रम में सोमवार को संविधान जागरूकता बैठक के बाद सात सूत्रीय मांगों को लेकर संविधान पदयात्रा निकाली गई। यह पदयात्रा आगामी 20 दिसम्बर को करछना तहसील में होगा। करछना तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवसध्तहसील दिवस में अपने अपने गांवों का मुख्यमंत्री के आदेश का भूमिहीनों में आवासीय और कृषि कार्य का पट्टा के आदेश का क्रियान्वयन कराने का प्रार्थना पत्र तो दिया ही जाएगा साथ ही साथ महामहिम राष्ट्रपति, महामहिम राज्यपाल तथा माननीय प्रधानमंत्री और माननीय मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी करछना को सौंपा जायेगा।

संविधान पदयात्रा में भोला, राजेन्द्र प्रसाद, कान्ति, उमा देवी, लहुरा, श्याम कुमारी, सतनी, सूर्य कली, मनोरमा, मोनी, संगीता, सच्ची देवी, कुसुम देवी, रन्नो, फूलकली, निर्मला, विमला, निर्जला, ऊषा, गुलाब कली, धर्मा, कमला, सीमा, उर्मिला, सुन्दरी, रीता, सुधरा, रेखा, कुसुम, नीरज देवी, शांति, गुलाब कली, राम कली, धनेश्वरी, राम सवारी के साथ सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

# रामलीला उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्रों में आज रहेगी विद्युत बंदी

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। रामलीला उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्रों में 9 दिसंबर को रहेगी रात्रि विद्युत बंदी रहेगी। आज 11 केवी के नीचे आरडीएसएस संबंधी कार्य होने के कारण विद्युत उपकेंद्र रामलीला से पोषित 11 केवी फीडर तहसील तथा राजगंज चौराहा, नगर पालिका क्षेत्र, बाजाजा लाइन आदि की विद्युत आपूर्ति रात 11 बजे से सुबह 6 बजे तक पूर्णतः अथवा आंशिक रूप से बाधित रहेगी। असुविधा के लिए खेद है।

# जिला वक्फ कमेटी की हुई बैठक, उम्मीद पोर्टल रजिस्ट्रेशन पर चर्चा



न्यूज वाणी ब्यूरो

भभुआ, कैमूर। जिले के मुस्लिम मुसाफिरखाना में जिला वक्फ कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें कमेटी के सभी ओहदेदारों के साथ जिले भर से आए मुस्लिम समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता जिला वक्फ कमेटी के सदर नौशेर अली ने की। बैठक मे जिले के विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संस्थानों जैसे कब्रिस्तान, ईदगाह, दरगाह, इमामबाड़ा, मस्जिद, मदरसा आदि को उम्मीद पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कराने की प्रक्रिया और उससे जुड़ी दिक्कतों का समाधान। बैठक में बताया गया कि इन संस्थानों के रजिस्ट्रेशन के लिए पहले 5 दिसंबर 2025 तक की समयसीमा निर्धारित थी, लेकिन काम की बढ़ती प्र.ति और तकनीकी बाधाओं को देखते हुए इस समय सीमा को तीन महीने और बढ़ा दिया गया है। इस निर्णय का उपस्थित लोगों ने स्वागत किया और इसे जनहित में उठाया गया महत्वपूर्ण कदम बताया।

# अज्ञात वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, युवक घायल, मेडिकल कालेज रेफर



मिल्कीपुर–अयोध्या।(संवाददाता ) कुमारगंज थाना क्षेत्र के बरई पारा के पास अयोध्या–रायबरेली नेशनल हाईवे पर सोमवार दोपहर एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर पीछे बैठे युवक की हालत अत्यंत गंभीर हो गई, जबकि बाइक चला रहे युवक को मामूली चोटें आईं। दोनों घायलों को तत्काल एंबुलेंस से सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज लाया गया, जहां डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए एक घायल को मेडिकल कॉलेज दर्शन नगर रेफर कर दिया।घायलों की पहचान ददेरा देवकाली निवासी अर्जुन यादव (पीछे बैठे थे) और कौशलपुरी, अयोध्या निवासी विक्रम यादव (बाइक चला रहे थे) के रूप में हुई है। विक्रम ने बताया कि अर्जुन यादव की भतीजी की शादी है इस सिलसिले में खरीदारी करने आए थे। वापस लौटते समय बरई पारा के पास एक वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि दोनों युवक सड़क पर जा गिरे।हादसे के बाद मौके पर मौजूद राहगीरों ने तुरंत कुमारगंज पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी ओमप्रकाश मौके पर पहुंचे और घायलों को एंबुलेंस के जरिए अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने अर्जुन यादव की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें तत्काल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। अर्जुन को सिर में गंभीर चोट के साथ–साथ हाथ में भी गहरी चोटें आई हैं। वहीं विक्रम यादव को सिर्फ मामूली चोटें आई है, थाना प्रभारी कुमारगंज ओम प्रकाश ने बताया कि हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई थी। अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है।

# बीकापुर विधान सभा में 98 प्रतिशत एसआईआर का काम पूरा

सोहावल–अयोध्या(संवाददाता )। विधानसभा चुनाव मतदाता विशेष पुनरीक्षण अभियान के शुरुआती दौर में फिसड्डी चल रहे 274 बीकापुर विधानसभा में बी एल ओ और संबंधित कर्मचारियों की मेहनत रंग लायी।इनके द्वारा रात दिन काम करने का परिणाम सुखद रहा जनपद की अन्य विधान सभाओं को पीछे छोड़ते हुए बीकापुर विधान सभा ने बाजी मार ली। निर्धारित समय से 3 दिन पहले ही एसआईआर का 98 प्रतिशत काम पूरा कर लिया और समय से पहले ही शत प्रतिशत पूरा करने का दावा किया है। विधान सभा निर्वाचन के ए ई आर ओ तहसीलदार प्रदीप कुमार सिंह के अनुसार विधान सभा में 391 536 मतदाताओं का 2003 की मतदाता सूची से मिलान करते हुए एस आई आर यहां होना था। सोमवार की शाम तक 38700 से ज्यादा मतदाताओं का पुनरीक्षण कार्य पूरा कर लिया गया है।

# प्रदर्शनी पंडाल में दिव्यांग जनसम्मेलन का हुआ आयोजन

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। प्रदर्शनी पंडाल में जिला विकलांग ऐसोसिएशन के तत्वावधान में दिव्यांग जन सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर जिला विकलांग कल्याण अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी मौजूद रहे। सर्वप्रथम सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित, बलिष्ठ पत्रकार खादिम अब्बास सहित विकलांग ऐसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार जाटव, महामंत्री संतोष त्रिवेदी, संरक्षक ओमप्रकाश गुप्ता ने किया। मुख्य वक्ता के तौर पर मौजूद नरेश प्रताप सिंह धनकर ने दिव्यांग बंधुओं की विभिन्न समस्यायों को उठाया। जिसमें आरक्षण चार प्रतिशत से बढ़ाकर कर दस प्रतिशत करने, विकलांग पेंशन बढ़ाने, हाऊस टैक्स, वाटर टैक्स माफ करने, सभी दिव्यांग जनों का बीपीएल कार्ड आदि बनाये जाने की मांगे प्रमुख हैं। इस संबंध में ऐसोसिएशन के पदाधिकारियों ने एक ज्ञापन भी जिला विकलांग कल्याण अधिकारी को सौंपा। सम्मेलन में जिले भर से आए दिव्यांगजनों को कमेटी द्वारा शाल पहना कर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नीरज यादव, यासीन अंसारी, लवी वर्मा, व्यापार मंडल की महिला जिलाध्यक्ष गुड्डी बाजपेई, मंजू लता द्विवेदी, शकीला बेगम, लक्ष्मी नारायण कश्यप, धर्मेन्द्र यादव, जीतू शाक्य, सुनीता मिश्रा, रेनू यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# मनरेगा ने किया ग्रामीणों का सपना पूरा




न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। अन्नपूर्णा भवन का उद्देश्य जनपद में मनरेगा योजनान्तर्गत ग्रामीण क्षेत्र में सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत खाद्यान्न वितरण को आम जनमानस के लिए सुगम बनाने हेतु उचित दर दुकान, अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कराया गया है। जनपद में वित्तीय वर्ष 2024–25 में 75 अन्नपूर्णा भवन के निर्माण कार्य प्रारम्भ कराते हुए 67 अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य पूर्ण कराया जा चुका है। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2025–26 में 75 अन्नपूर्णा भवन के निर्माण हेतु स्थल चिन्हांकन कराते हुए 57 अन्नपूर्णा भवन का निर्माण कार्य प्रारम्भ करा दिया गया है। अन्नपूर्णा भवन की स्थापना प्रदेश सरकार द्वारा मनरेगा कन्वर्जेन्स के अन्तर्गत कराया जा रहा है। अन्नपूर्णा भवन की स्थापना से आम जनमानस को ग्राम पंचायत में ही सुगमता के साथ खाद्यान्न वितरण का लाभ हो सकेगा। अन्नपूर्णा भवन के निर्माण में सबसे बड़ी चुनौती आमजनमानस के लिए सुलभ भूमि का चिन्हांकन किया जाना है। कतिपय स्थलों पर भूमि विवाद के कारण निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न होती है जिसका शीघ्र निस्तारण कराते हुए निर्माण कार्य कराया जा रहा है। अन्नपूर्णा भवन के निर्माण हो जाने से जहां आम जनमानस को निःशुल्क खाद्यान्न आसानी से प्राप्त हो रहा है, वही इन केन्द्रों के माध्यम से सरकार की विभिन्न महत्वाकांक्षी योजनाओं के प्रचार–प्रसार के लिए कैम्प लगाने हेतु स्थल भी सुलभ हो गया है। इन केन्द्रों पर ग्रामीण जनता को विभिन्न योजनाओं के लाभ मौके पर ही दिलाने का कार्य कराया जा रहा है। अन्नपूर्णा भवन के निर्माण हो जाने से आमजनमानस को निःशुल्क खाद्यान्न की उपलब्धता के साथ अन्य विकास योजनाओं का लाभ मिलना सुलम हो गया है। इसीप्रकार के प्रेरणादायी कार्य भविष्य में कराये जाने से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को गति मिलेगी एवं आमजन में सरकार की विकास योजनाओं के प्रचार–प्रसार को आसान बनाया जा सकेगा।

# अवैध खनन परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह एवं पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह के निर्देशन में जिले में अवैध खनन और ओवर लोडिंग पर लगाम कसने के लिए चलाए जा रहे सघन अभियान के तहत 7/8 दिसम्बर की रात विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया।अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अवनीष त्रिपाठी, अपर पुलिस अधीक्षक महेन्द्र पाल सिंह के अलावा सभी एसडीएम व क्षेत्राधिकारियों के नेतृत्व में जनपद स्तरीय प्रवर्तन दल (टास्क फोर्स) ने रात भर सक्रिय रहते हुए खनन सामग्री ले जा रहे वाहनों की सघन जांच की। ओवरलोडिंग, बिना नंबर प्लेट, अवैध परिवहन व बिना वैध दस्तावेजों के परिवहन करने वाले वाहनों पर कड़ी कार्रवाई की गई। कुल 79 वाहनों का चालान किया गया। जिसमें पांच लाख रुपए अर्थदंड वसूला गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि अवैध खनन व ओवरलोडिंग के खिलाफ यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। दोषी वाहन मालिकों व चालकों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने सभी प्रवर्तन टीमों के प्रयासों की सराहना करते हुए आमजन से भी अवैध खनन की सूचना देने की अपील की है।

# व्यापारियों ने बीजेपी जिलाध्यक्ष को गिनाई समस्याएं



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जन उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष चन्दन सिंह चौहान के नेतृत्व में संगठन के वरिष्ठ पदाधिकारियों का प्रतिनिधि मंडल भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव से सर्किट हाउस (डांक बंगले) में मुलाकात करके स्वागत किया। जनपद के व्यापारियों के व्यापार में आने वाली समस्याओं पर ध्यान केंद्रित कराया। जिस पर नवनियुक्त जिलाध्यक्ष ने शासन, प्रशासन द्वारा आने वाली हर बाधाओं को दूर कराने पर आश्वस्त किया। सरकार द्वारा समय–समय पर दी जाने वाली योजनाओं को भी सही ढंग से व्यापारियों को लाभ मिलता रहे इस पर भी बल दिया। प्रतिनिधि मंडल में अधिवक्ता मंडल के प्रदेश अध्यक्ष रामराज गांधी, प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक रायजादा, जिला उपाध्यक्ष राकेश मौर्य, जिला उपाध्यक्ष देवेन्द्र सिंह उर्फ सोनू ठाकुर, रामदास पाल, रामशंकर पाल, प्रयागराज जनपद के जिला प्रभारी डा. विजय नाथ कुशवाहा उपस्थित रहे।

# मानसिक दिव्यांगता बेहद कष्टकारी : डा. अनुराग




न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ अनुराग श्रीवास्तव ने बचपन डे केयर सेंटर में विश्व मानसिक मंदता दिवस धूमधाम से मनाया। डा0 अनुराग ने 35 दिव्यांग बच्चों को खाद्य सामग्री फल, बिस्कुट, चॉकलेट व पठन पाठन सामग्री कॉपी, पेंसिल, रबर, कटर आदि उपहार भेंट किया।

डॉ अनुराग ने कहा कि मानसिक दिव्यांगता .ष्टि व श्रवण दिव्यांगता से अधिक कष्टकारी है क्योंकि .ष्टि व श्रवण दिव्यांग बच्चे इशारों में अपने बात कह समझ लेते हैं पर मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों को सभी चीजें समझना बहुत ही कठिन होता है और फिर ऐसे बच्चों की देखभाल करना अपने आप में एक कठिन टास्क है। यह सेवा बचपन डे केयर सेंटर में की जाती है। सभी बच्चे बहुत खुश हुए। सेंटर के समन्वयक पवन तिवारी ने डॉ अनुराग के सेवाकार्य हेतु आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर आजीवन सदस्य वर्षा श्रीवास्तव, अभिनव श्रीवास्तव, चैतन्य कुमार संयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी व विशेष शिक्षक अनिल कुमार, प्रीती, मनीषा, रामशंकर आदि उपस्थित रहे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष से मिला हनुमान चालीसा पाठ परिवार



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। श्री हनुमान चालीसा पाठ परिवार का एक प्रतिनिधि मंडल भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव से उनके आवास पर मिला। पाठ परिवार के संरक्षक संजय सिंह, संचालक संदीप श्रीवास्तव, व्यवस्था प्रमुख अनीष श्रीवास्तव व शक्ति केंद्र प्रभारी अंशु सिंह सेंगर ने जिलाध्यक्ष को अंगवस्त्र व माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया।

प्रतिनिधि मंडल ने भाजपा जिलाध्यक्ष के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए परिवार की ओर से प्रस्तावित वृहद धार्मिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करने का आमंत्रण दिया। जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने आमंत्रण स्वीकार करते हुए कहा कि ऐसे आध्यात्मिक और सामाजिक आयोजनों से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। परिवार की ओर से बताया गया कि कार्यक्रम की तिथि सभी सदस्यों की आम सहमति से जल्द ही घोषित की जाएगी। भेंटवार्ता के दौरान परिवार के सदस्यों में उत्साह व सौहार्द का माहौल देखने को मिला।

# जिला उद्योग बंधु की पहल पर उद्यमी का पचास लाख वापस

### – निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों को जल्द से जल्द करें निस्तारित : सीडीओ

### – वित्त पोषण योजनाओं में प्रेषित आवेदनों का जल्द से जल्द कराएं निस्तारण



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिला स्तरीय उद्योग बंधु समिति एवं एमओयू क्रियान्वन की बैठक मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट महात्मा गांधी सभागार में सम्पन्न हुई। उन्होंने कहा कि निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों को जल्द से जल्द निस्तारित करें। साथ ही मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजना में स्वी.ति हेतु लंबित आवेदनों को बैंक से जल्द से जल्द स्वी.त कर वितरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपायुक्त उद्योग को मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना और मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना व एक जनपद एक उत्पाद योजना में लंबित आवेदनों को बैंकों को अधिक से अधिक स्वी.त ऋण वितरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यूपी सीडा के अधीन औद्योगिक क्षेत्र मलवा के भूखंड में जर्जर पोल व जर्जर लाइनों के शिटिंग का कार्य जल्द से जल्द कराने के निर्देश अधिशाषी अभियंता विद्युत को दिए। मे0 आकांक्षा ट्रेडर्स द्वारा आईसीआईसी बैंक फतेहपुर के शाखा प्रबंधक एवं कर्मचारियों पर 50 लाख की धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया गया था। इस प्रकरण को जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक में प्रकरण उठाया गया था। जिला प्रशासन के सकारात्मक प्रयासों से 50 लाख वापस कराया गया। जिस पर उद्यमियों ने जिला प्रशासन का धन्यवाद ज्ञापित किया। जनपद में उद्योग स्थापित करने के लिए औद्योगिक संस्थानों को जो भी सहायता की आवश्यकता है संबंधित अधिकारी अपनी जिम्मेदारी का सही से निर्वहन करते हुए सकारात्मक भूमिका निभाते हुए नियमानुसार मदद करें। बैठक में औद्योगिक इकाइयों से प्राप्त शिकायतों/सुझावों का निस्तारण प्राथमिकता के साथ नियमानुसार कार्यवाही कर अमल में लाया जाय। आईजीएल कंपनी द्वारा उपलब्ध की जा रही सेवाओं का उद्यमियों को विस्तार से जानकारी दी। मुख्य विकास अधिकारी ने आईजीएल कंपनी के प्रतिनिधि को निर्देश दिए कि अपनी सेवाओं संबंधी एक कार्यशाला उद्यमियों के साथ उद्योग कार्यालय में कराए जिससे कि इच्छुक उद्यमों लाभान्वित हो सके। इस मौके पर उपायुक्त उद्योग, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर, लीड बैंक मैनेजर, जिला उद्यान अधिकारी, सीएफओ, उद्यमी सहित संबंधित उपस्थित रहे।

# सुप्रीम कोर्ट में एआई विनियमन पर ऐतिहासिक सुनवाई

### - केंद्र ने मसौदा नियम पेश किए, कार्यवाही समाप्त

### - फतेहपुर के युवा अधिवक्ता अनिमेष शुक्ला की सुप्रीम कोर्ट में दलील



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। .त्रिम बुद्धिमता (एआई) के दुरुपयोग, डीपफेक्स और अनियंत्रित एआई सिस्टम के बढ़ते खतरे को लेकर दायर एक जनहित याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने विगत चार दिसंबर को महत्वपूर्ण निर्णय सुनाया। यह जनहित याचिका (रिट पिटीशन नं0–1127/2025) आरती शाह बनाम केंद्र सरकार, पिछली 17 अक्टूबर को दायर हुई थी, जिसमें भारत में एआई के लिए समग्र नियामक ढांचे, लाइसेंसिंग व्यवस्था और जवाबदेही तंत्र लागू करने की मांग की गई थी।

गौरतलब है कि इस पीआईएल के दाखिल होने के मात्र छह दिनों बाद 23 अक्टूबर 2025 को केंद्र सरकार ने सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थ दिशा–निर्देश एवं डिजिटल मीडिया आचार संहिता) संशोधन नियम 2025 का मसौदा सार्वजनिक टिप्पणियों हेतु जारी कर दिया। सुनवाई के दौरान प्रतिवादियों ने सुप्रीम कोर्ट को यही मसौदा नियम प्रस्तुत किए। मामले में याचिकाकर्ता की ओर से सुप्रीम कोर्ट में युवा अधिवक्ता अनिमेष शुक्ला ने बहस की, जबकि केंद्र सरकार और प्रमुख टेक कंपनियों–गूगल, मेटा और फेसबुक की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी और वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार ने पक्ष रखा। प्रधान पीठ की अध्यक्षता मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने की। उन्होने माना कि एआई के बढ़ते दुरुपयोग से निजता, चुनावी प्रक्रिया, सामाजिक विश्वास और साइबर सुरक्षा पर गंभीर खतरे उत्पन्न हो रहे हैं। अदालत ने प्रतिवादियों द्वारा प्रस्तुत मसौदा नियमों को इस मुद्दे के समाधान की दिशा में एक व्यवस्थित प्रारंभिक कदम बताया। सर्वोच्च न्यायालय ने कहा कि चूंकि केंद्र सरकार 23 अक्टूबर को (पी0आई0एल0 दिनांक–17 अक्टूबर, 2025 दाखिल के बाद) पहले ही मसौदा नियम जारी कर चुकी है और सार्वजनिक टिप्पणी प्रक्रिया शुरू हो चुकी है, इसलिए याचिका को खारिज करने के बजाय गुणदोष के आधार पर निपटाते हुए कार्यवाही समाप्त की जाती है। याचिकाकर्ता का कहना है कि एआई के दुरुपयोग विशेषकर डीपफेक्स, बायोमेट्रिक डेटा के अनाधि.त उपयोग और असुरक्षित एआई मॉडल को रोकने के लिए भारत में एक मजबूत नियामक एवं लाइसेंसिंग ढ़ांचा अत्यंत आवश्यक है। उल्लेखनीय है कि याचिकाकर्ता का प्रतिनिधित्व करने वाले युवा अधिवक्ता अनिमेष शुक्ला मूलतः उत्तर प्रदेश के फतेहपुर शहर के निवासी हैं। मात्र 24 वर्ष की आयु में वे अनेक बार सर्वोच्च न्यायालय में प्रभावी बहस कर चर्चा में आ चुके हैं। वर्तमान में ये दिल्ली विश्वविद्यालय के लीगल पैनल में शामिल हैं और प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, युवा अधिवक्ता अनिमेष शुक्ला ने इससे पहले भी सर्वोच्च न्यायालय में वक्फ से संबंधित महत्वपूर्ण मामले तथा बिहार के चर्चित एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम) मामले में प्रभावपूर्ण रूप से पक्ष रख चुके हैं। फतेहपुर के चित्रांश नगर निवासी कृषक सुरेश शुक्ला के पुत्र अनिमेष अपनी मेहनत, क्षमता और उत.ष्ट वकालत के माध्यम से देश की राजधानी दिल्ली में अपना सशक्त स्थान बनाते हुए जनपद का नाम रोशन कर रहे हैं।

# महाराष्ट्र में प्रधान ने माडल ग्राम पंचायतों का शुरू किया अध्ययन

### – तीन माडल ग्राम पंचायतों सहित एक संग्रहालय का किया दौरा



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। पंचायतीराज विभाग की पांच दिवसीय एक्सपोजर विजिट पर सुजानपुर ग्राम पंचायत की चयनित प्रधान हेमलता पटेल महाराष्ट्र पहुंची। प्रदेश के विभिन्न जनपदों से चुने गए 29 सदस्यीय दल में शामिल ग्राम प्रधान और अधिकारी महाराष्ट्र की मॉडल पंचायतों का हाई–प्रोफाइल अध्ययन करना प्रारंभ कर दिया है। बहुआ ब्लॉक की सुजानपुर ग्राम पंचायत की प्रधान हेमलता पटेल को विभाग ने ड्रीम टीम के लिए चयनित किया है। लखनऊ एयरपोर्ट से उड़ान भरने के बाद टीम पुणे स्थित यशवंतराव चव्हाण अकादमी ऑफ डेवलपमेंट एडमिनिस्ट्रेशन पहुंची। जहां प्रधान हेमलता पटेल का भव्य स्वागत हुआ। झांसी के डिप्टी डायरेक्टर (पंचायत) अजय आनंद सरोज टीम का नेतृत्व कर रहे हैं जबकि स्टेट कंसल्टेंट रविंद्र कुमार भी विजिट में शामिल हैं। टीम पांच दिनों तक सफल पंचायत मॉडल, डिजिटल गवर्नेंस, स्वच्छता मिशन और ग्रामीण विकास की जमीनी पहल का अध्ययन करने के उद्देश्य के अनुरूप सोमवार को टीम ने महाराष्ट्र के पुणे शहर अंतर्गत ग्राम पंचायत रालेगण सिद्धी और लोणीकंद सहित तीन मॉडल ग्राम पंचायतों का अध्ययन किया जहां इन ग्राम पंचायतों में विकास के महत्वपूर्ण मॉडल उपस्थित थे जैसे बेहतर पेयजल सुविधा, ड्रेनेज सिस्टम, बहुउद्देशीय पार्क और रोज़गार के खुले अवसरो के लिए गांव में ही स्थापित कुटीर उद्योग आदि द्य प्रधान हेमलता पटेल सहित पूरी टीम ने इन विकास मॉडलों का समग्र अध्ययन और जानकारी हासिल की लक्ष्य है कि इन मॉडलों को उत्तर प्रदेश की पंचायतों में लागू कर विकास को गति देना। हेमलता ने कहा कि महाराष्ट्र की मॉडल पंचायतों से मिली सीख को गांव में बड़े बदलाव के रूप में उतारना ही हमारा लक्ष्य है। सोमवार को महाराष्ट्र की मॉडल ग्राम पंचायतों के दौरे के उपरांत स्थानीय एक संग्रहालय का भी दौरा किया गया।

# पटाखा व्यापारियों ने प्रदर्शन कर प्रशासन पर उपेक्षा का लगाया आरोप

### - दुकानदारों से भीख मांगकर जताया विरोध



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। दीपावली के एक दिन पूर्व पटाखा मंडी में आग लगने के अपना सब कुछ खो चुके व्यापारियों ने सोमवार को सदर अस्पताल व नगर पालिका तिराहे पर प्रदर्शन करते हुए प्रशासन पर किसी तरह का मुआवजा न देने व उपेक्षा किये जाने का आरोप लगाया।प्रदर्शन करने वाले व्यापारियों का कहना रहा है कि उन लोगों ने कर्ज लेकर पटाखा मंडी में अपनी दुकानें लगाई थी। दुकान के लिए लाईसेंस भी लिया था। अचानक मंडी में आग लग जाने के कारण सभी व्यापारियों का करोड़ो रूपये का माल जलकर खाक हो गया जिससे पटाखा व्यापारी भारी नुकसान में आ गये। प्रशासन की ओर से व्यापारियों को मदद एवं मुआवजा की बात कही गयी थी लेकिन घटना को लगभग पचास दिन होने के बाद भी किसी तरह की कोई मुआवजा राशि या राहत नहीं दी गयी। पटाखा व्यापरियों ने कर्ज लेकर व उधार माल उठाया था लेकिन आग लगने से सब नष्ट हो गया। कर्जदार अपना पैसा मांगने का दबाव बना रहे है। जिससे पटाखा व्यापारी व उनका परिवार परेशान है व आत्महत्या की कगार पर खड़ा है। बताते चलें कि दीपावली के एक दिन पूर्व पटाखा मंडी में आग लग गयी थी जिससे आधा सैकड़ा के करीब दुकाने चपेट में आ गयी थी आग की सूचना पर दमकल विभाग के वाहनों ने पहुंचकर किसी तरह आग पर काबू पाया। वही दुकानदारों के नुकसान पर प्रशासन द्वारा मदद के लिए आष्वस्त भी किया गया था। घटना के करीब 50 दिन बाद भी किसी तरह की राहत न मिलने से दुकानदारों का गुस्सा फूट पड़ा। व्यापारियों ने जिला अस्पताल चौराहा पर पदर्शन किया व प्रशासन पर उपेक्षा का आरोप लगाते हुए दुकानदारों से भीख मांगकर विरोध भी जताया। इस मौके पर दीपक कश्यप, राजन साहू, प्रदीप गुप्ता, मशरम अली, आरिफ, सतीश चंद्र, मनीष अवस्थी, पुत्तू लाल, आदित्य राज सिंह, संजू श्रीवास्तव, राजन मिश्रा, शिवम मिश्रा, सुनील शिवहरे, वैभव गुप्ता, पंकज कुमार आदि रहे।

# अलग-अलग सड़क हादसों में दम्पति समेत तीन घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के अलग–अलग थाना क्षेत्रों के अर्न्तगत हुए सड़क हादसों के दौरान दम्पति समेत तीन लोग घायल हो गये। जिन्हे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां दम्पति की हालत गंभीर देख कानपुर के लिए रेफर कर दिया गया लेकिन परिजन उन्हे शहर के ही किसी नर्सिंग होम में इलाज के लिए ले गये। जानकारी के अनुसार बांदा जनपद के थाना पैलानी गांव शब्दा निवासी स्व0 राजाराम का 55 वर्षीय पुत्र रामनरायन अपनी 50 वर्षीय पत्नी मिथला देवी के साथ बाइक से फतेहपुर जनपद रिश्तेदारी में आ रहा था। जब यह लोग ललौली थाना क्षेत्र के कोर्रा कनक के समीप पहुंचे तभी तेज रतार चार पहिया ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे दम्पति गंभीर रूप से घायल हो गया। इसी प्रकार थरियांव थाना क्षेत्र के फरीदपुर गांव निवासी राधे लाल की 65 वर्षीय पत्नी विद्यवती रिश्तेदारी में बिन्दकी गयी थी। बताते है कि आज दोपहर लौटते समय राधानगर ई–रिक्शा में बैठकर गांव जा रही थी। जब वह राधानगर थाने घघौली के पास पहुंची तभी अनियंत्रित होकर ई–रिक्शा पलट गया। जिससे वृद्धा घायल हो गयी। सूचना पर पहुंची सरकारी एम्बुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने दम्पति की हालत गंभीर देखते हुये कानपुर के लिए रेफर कर दिया। परन्तु परिजन कानपुर न ले जाकर शहर कि किसी नर्सिंग होम में इलाज करा रहे है।

# अप्रेंटिस मेला आज

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान केंद्र के प्रधानाचार्य ने बताया कि कल (आज) हायर अपलाइंस प्राइवेट लिमिटेड नोएडा, अजायबपुर रेलवे स्टेशन ग्रेटर नोएडा गौतमबुद्ध नगर से अप्रेंटिस व रोजगार मेले का कैम्पस साक्षात्कार हेतु नोडल राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में आईटीआई सभी व्यवसाय से उत्तीर्ण प्रशिक्षार्थी अपने साथ आई०टी०आई० उत्तीर्ण का अकंपत्र व प्रमाण पत्र, हाई स्कूल, इण्टर, एवं आधरकार्ड मूल प्रति एवं छाया प्रति अपने साथ लाकर संस्थान में उपस्थित होकर अप्रेंटिस मेले में प्रतिभाग कर सकते है। कम्पनी द्वारा चयन के उपरान्त 12875 मानदेय प्रतिमाह दिया जायेगा। जिसमें कार्य दिवस 26 दिन के होंगे। ओवरटाइम कार्य करने पर 100 रुपए प्रति घंटा दिया जाएगा।

# सहकारी समिति का सहायक आयुक्त ने किया उद्घाटन



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। बहुआ विकास खंड के महाना गांव में सोमवार को .षि विकास को नई दिशा देने के उद्देश्य से नवनिर्मित सहकारी समिति का शुभारंभ सहायक आयुक्त सहकारिता राजेश कुमार चौधरी ने फीता काटकर किया। किसानों को संबोधित करते हुए सहायक आयुक्त ने बताया कि इस समिति के माध्यम से क्षेत्र के किसानों को बीज, दवा, खाद सहित अन्य .षि सामग्रियाँ आसानी से उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि सहकारी समितियाँ किसानों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और इन समितियों के माध्यम से किसानों को उचित दाम पर गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। कार्यक्रम के दौरान समिति के प्रबंधक ने सहायक आयुक्त का माल्यार्पण कर स्वागत किया। उन्होंने बताया कि समिति का उद्देश्य किसानों की लागत कम करना और उन्हें समय पर आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराना है, ताकि उनकी उपज और आय में वृद्धि हो सके। इस मौके पर रामदीन सिंह, तरुण विक्रम सिंह, बलवीर सिंह, सर्वेश सिंह, अचल, रामू सहित सैकड़ों किसान मौजूद रहे।

# तीमारदारों व असहायों को ठण्ड से निजात दिलाएगा रैन बसेरा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। नगर पालिका परिषद द्वारा अस्थाई रैन बसेरा का निर्माण सार्वजनिक स्थानों में कराया जा रहा है। मंगलवार को जिला अस्पताल परिसर में बने अस्थाई रैन बसेरा का चेयरमैन राजकुमार मौर्य एडवोकेट ने फीता काटकर शुभारंभ किया। अस्थाई रैन बसेरा का शुभारंभ करते हुए नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य व अधिशाषी अधिकारी रविन्द्र कुमार ने बताया कि इस रैन बसेरा के बन जाने से अब जिला अस्पताल में उपचार कराने आने वाले मरीजों के तीमारदारों के अलावा भटकने वाले असहायों को रात्रि में भीषण ठण्ड में इधर–उधर भटकने की जरूरत नहीं है। अस्थाई रैन बसेरा में वह रात गुजार सकते हैं। रैन बसेरा में सभी सुविधाएं मुहैया कराई गई है। जिसमें रजाई, गद्दा व पीने का पानी भी उपलब्ध रहेगा। रैन बसेरा कर्मचारी को हिदायत दी गई कि किसी भी तरह की दिक्कत यहां रूकने वाले लोगों को नहीं होनी चाहिए। इस मौके पर सभासद विनय तिवारी, शादाब अहमद, संजय लाला श्रीवास्तव, ऋतिक पाल, अतीश पासवान, विवेक नागर, राशिद, आफताब अहमद, भिक्कू मामा, राम सिंह पटेल, नगर पालिका परिषद कार्यालय से सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राकेश कुमार गौड़, केआर चंद्राकर, मोहम्मद हबीब, क्षेत्रीय सुपरवाइजर मुकेश कुमार आदि उपस्थित रहे।

# श्री सीताराम नाम बैंक मंदिर का उद्घाटन आज

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। शहर के मुहल्ला आवास विकास कालोनी स्थित अंतर्राष्ट्रीय श्री सीताराम नाम बैंक मंदिर के तत्वाधान में सुन्दर काण्ड पाठ, हनुमान चालीसा, कीर्तन भजन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आए हुए रामभक्तों का राम नाम का खाता भी खोला जाएगा। जो भगवान श्री राम का गुणगान कर अपना समय राम भक्तों में लगाएंगे। मुहल्ला आवास विकास कालोनी स्थित अंतर्राष्ट्रीय श्री सीताराम नाम बैंक मंदिर के भव्य उद्घाटन समारोह में दोपहर तीन बजे प्रदेश अध्यक्ष ओंकार सिंह, डीएस मिश्रा जनता दल सेक्युलर उपस्थित रहेंगे। उक्त लोगों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सीताराम नाम बैंक मंदिर के संस्थापक अनन्त कृष्ण गोपाल दास जी महाराज अयोध्या के संकल्पों को पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम के आयोजकों द्वारा सुन्दर काण्ड पाठ, हनुमान चालीसा, कीर्तन भजन एवं प्रसाद वितरण किया जाएगा। कार्यक्रम की आयोजिका लक्ष्मी व साधना ने बताया कि वैसे तो पूर्व से प्रत्येक मंगलवार को इस स्थान पर सुंदरकाण्ड तथा हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन होता चला आ रहा है लेकिन अयोध्या की धरती से स्वामी के संकल्पों को पूरा करने के उद्देश्य से श्री भगवान राम नाम बैंक के खाते भक्तों के खोले जाएंगे। जिसमें कापी, पेन भक्तों को वितरित करेंगे।

# अचानक लगी आग से गरीब परिवार का घर खाक

न्यूज वाणी ब्यूरो

खागा, फतेहपुर। विजयीपुर विकास खंड के पहाड़पुर ग्राम पंचायत में सोमवार को एक घर में आग लग गई। जिससे गरीब परिवार का घर व गृहस्थी खाक में बदल गई। जानकारी के अनुसार धनराज रैदास अपने परिवार के साथ घर पर मौजूद नहीं थे। घर में केवल छोटे–छोटे बच्चे खेल रहे थे। इसी दौरान अचानक आग भड़क उठी और देखते ही देखते पूरा घर आग की लपटों में घिर गया। ग्रामीणों के जुटने और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया गया, लेकिन तब तक गरीब परिवार की वर्षों की जमा पूंजी और गृहस्थी का लगभग सारा सामान जलकर खाक हो चुका था। पीड़ित परिवार ने बताया कि आग में बेड, गेहूं, चावल, धान, कपड़े, सिलाई मशीन, बक्सा, बर्तन, अलमारी, एक साइकिल, हाल ही में हुई छोटे भाई की शादी का पूरा सामान जलकर खाक हो गया। अग्निकाण्ड ने परिवार को आर्थिक रूप से बुरी तरह तोड़ दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही पहाड़पुर के कोटेदार प्रमोद त्रिवेदी मौके पर पहुंचे और पीड़ित परिवार को राहत पहुंचाते हुए एक बोरी गेहूं, एक बोरी चावल, टीन शेड लगवाने का आश्वासन दिया। मामले की सूचना मिलते ही क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर घटना का स्थलीय निरीक्षण किया और पीड़ित परिवार की स्थिति का अवलोकन कर उच्च प्रशासन को रिपोर्ट भेज दी है। लेखपाल ने परिवार को जल्द सरकारी राहत दिलाने का आश्वासन दिया है।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )